वार्षिक प्रतिवेदन
2013–2014

Annual Report
2013–2014

भाकृअनुप
ICAR

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
(भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्)
जोधपुर (भारत) - 342 003

Central Arid Zone Research Institute
(Indian Council of Agricultural Research)
Jodhpur (India) - 342 003

Indian Council of Agricultural Research

Indian Council of Agricultural Research

ICAR

Home | Speeches ▾ | Circulars ▾ | Tenders | Events | Innovations | Publications ▾ | Contact us

ICAR at a Glance

- About us
- Vision 2030
- AICRPs & Network Projects
- Research Institutes
- Zonal Project Directorat
- Krishi Vigyan Kendras
- Technologies and K

National Training on Drought Mitigation and Management Organized at CAZRI

h March 2014, Jodhpur

aining programm ... Management' was conducted during 2014 at Ce ... National Manag

Workshop on Managing Arid Agriculture in Changing Climate organized at CAZRI

4th February 2014, Jodhpur

A workshop on 'Managing Arid Agriculture in Changing Climate' was organized at the Central And Zone Research Institute (CAZRI), Jodhpur on 4th February, 2014 under the National Initiative on Climate Resilient Agriculture (NICRA).

Workshop on IPR Interface Organized at CAZRI

10th January 2014, Jodhpur

A National Workshop on 'Science, Technology, Innovation and Intellectual Property Rights (IPR): Envisaging the Interfaces' was organized at Central Arid Zone Research Institute (CAZRI), Jodhpur on 10th January, 2014. The workshop was jointly organized by CAZRI and National Law University (NLU), Jodhpur.

Dr. S. Mamta, Assistant Director General (IPR&TM), ICAR was the Chief ... on the occasion. In his ... He highlighted the necessity ... property. Dr. Mamta ... collaborative effort of ... organizing this ...

National Training on ... CAZRI

28th March 2014, Jodhpur

... Training programme on 'Drought ... ster Management (NIDM), New ... 2014 at Central Arid Zone ...

Interface Meeting on Tharparkar Cattle Organized at CAZRI

6th January 2013, Jodhpur

Interface meeting on 'Improving Health and Productivity of Tharpakar Cattle' ... Krishi Vigyan Kendra, Central Arid Zone Research Institute (CAZRI), Jodhpu ... 2014.

Prof. (Dr.) A.K. Srivastava, Director and Vice-Chancellor, National Dairy Research Institute, Karnal was the Chief Guest on the occasion. In his inaugural address, Prof. Srivastava said that the state of Rajasthan has precious livestock germpla... cattle breeds like Tharparkar and Rathi. He emphasized upon the ...

UNEP

United Nations Environment Programme

environment for development

THINK·EAT·SAVE

WORLD ENVIRONMENT DAY 5 JUNE

Jodhpur , India

CAZRI, India Central Arid Zone Research Institute (CAZRI) of Indian Council of Agricultural Research (ICAR) celebrated the World Environment Day (WED) on 05th of June, 2013 on its theme Think-Eat-Save under the support of ENVIS scheme on Desertification. On this day Prof. (Dr.) Ram Gopal Ex-Director, Defence Laboratory, Jodhpur & Shanti Swarup ...

REGISTER YOUR ACTIVITY

Dr. Ayyappan mentioned that crops like barley, potato, wheat and oat should be accorded higher priority in a farming system mode. He discussed about the infrastructure development like buildings and fencing at RRS, Leh. He visited demonstration programme on drip irrigation in apple orchard, Sprinkler irrigation and research farm of RRS, CAZRI.

(Source: Central Arid Zone Research Institute, Jodhpur)

ICAR at a Glance

- About us
- Vision 2030
- AICRPs & Network Projects
- Research Institutes
- Zonal Project Directorates
- Krishi Vigyan Kendras
- Technologies and Knowledge Resources
- Commercialisation of Technology

Search

All India Competitive Examination for Admission to Ph.D Programme at CIFE, Mumbai for the Academic

वार्षिक प्रतिवेदन 2013-14

Annual Report 2013-14

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
(भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद)
जोधपुर 342 003

Central Arid Zone Research Institute
(Indian Council of Agricultural Research)
Jodhpur 342 003

Citation: CAZRI (2014). Annual Report 2013-14. Central Arid Zone Research Institute, Jodhpur (Rajasthan) India, 146p.

वार्षिक प्रतिवेदन 2013-14

प्रकाशक

निदेशक

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान

जोधपुर 342 003

दूरभाषः +91–291–2786584 (कार्यालय)

+91–291–2788484 (निवास)

फैक्सः +91–291–2788706

ई–मेलः director@cazri.res.in

वेबसाईटः http://www.cazri.res.in

सम्पादन समिति

शर्मिला रॉय

धर्म वीर सिंह

नव रतन पंवार

प्रियव्रत सांतरा

राकेश पाठक

तकनीकी सहयोग

श्री बल्लभ शर्मा

हिन्दी टंकण

संतोष कुमार मरवण

रूपा राम चौहान

मुख पृष्ठ

काजरी की तकनीकियाँ एवं उनका प्रसार

पार्श्व पृष्ठ

काजरी का कार्यक्षेत्र

पृष्ठ सज्जा एवं वर्ड प्रोसेसिंग

सम्पादन समिति

मुद्रक

रॉयल आफसेट प्रिन्टर्स, नई दिल्ली–110 028

ANNUAL REPORT 2013-14

Published by

Director

Central Arid Zone Research Institute

Jodhpur 342 003

Phone: +91-291-2786584 (O)

+91-291-2788484 (R)

Fax: +91-291-2788706

e-mail: director@cazri.res.in

Website: http://www.cazri.res.in

Editorial Committee

Sharmila Roy

Dharm Veer Singh

Nav Raten Panwar

Priyabrata Santra

Rakesh Pathak

Technical Support

Shri Ballabha Sharma

Hindi Typing

Santosh Kumar Marwan

Rupa Ram Chouhan

Front Cover

CAZRI technologies & their extension

Back Cover

Mandate regions of CAZRI

Covers Design & Word Processing

Editorial committee

Printed by

Royal Offset Printers, New Delhi-110 028

विषय-सूची
Contents

प्राक्कथन		
Preface		
कार्यकारी सारांश		1
Executive summary		
संस्थान के बारे में		12
About the institute		
वर्ष 2013 के दौरान मौसम		19
Weather during 2013		
शोध उपलब्धियाँ		21-100
Research achievements		
प्रसंग 1:	प्राकृतिक संसाधन मूल्यांकन, प्रबोधन और मरुस्थलीकरण का संयोधन	21
Theme 1:	Natural resources appraisal, monitoring and combating desertification	
प्रसंग 2:	जैव विविधता संरक्षण, वार्षिक व बहुवार्षिक पादपों का सुधार	35
Theme 2:	Biodiversity conservation, improvement of annuals and perennials	
प्रसंग 3:	एकीकृत शुष्क भूमि कृषि पद्वति अनुसंधान	53
Theme 3:	Integrated arid land farming system research	
प्रसंग 4:	एकीकृत भूमि एवं जल संसाधन प्रबन्धन	67
Theme 4:	Integrated land and water resources management	
प्रसंग 5:	पशुधन उत्पादन, सुधार एवं प्रबंधन	73
Theme 5:	Improvement of livestock production and management	
प्रसंग 6:	पादप उत्पाद एवं मूल्य संवर्द्धन	79
Theme 6:	Plant products and value addition	
प्रसंग 7:	समन्वित नाशीजीव प्रबन्धन	81
Theme 7:	Integrated pest management	
प्रसंग 8:	गैर–पारम्परिक उर्जा स्रोत, कृषि यान्त्रिकी और उर्जा	85
Theme 8:	Non-conventional energy systems, farm machinery and power	
प्रसंग 9:	सामाजिक–आर्थिक अन्वेषण एवं मूल्यांकन	93
Theme 9:	Socio-economic investigation and evaluation	
प्रसंग 10:	प्रौद्योगिकी आंकलन, सुधार एवं हस्तांतरण	97
Theme 10:	Technology assessment, refinement and transfer	
प्रसार गतिविधियाँ		101-110
Outreach extension activities		

बौद्धिक सम्पदा प्रबंधन एवं उनका वाणिज्यीकरण	111
Intellectual property management and commercialization	
मरूस्थलीकरण पर भारतीय पर्यावरण सूचना पद्धति (एनविस) केन्द्र	114
Environmental information system (ENVIS) centre on desertification	
ई–ग्रंथ परियोजना	116
e-GRANTH Project	
भाकृअप नेट/कृअसे प्रारम्भिक परीक्षा (एनएआईपी) की ऑनलाईन पद्धति परियोजना	117
Online system for ICAR NET/ARS-prelim examination (NAIP) project	
विविध संदर्भ	118-146
Miscellaneous details	
संस्थान परियोजनायें	118
Research programs	
प्रकाशन	121
Publications	
भारत में आयोजित सम्मेलनों/कार्यशालाओं/सेमिनारों एवं संगोष्ठियों में भागीदारी	127
Participation in conference/seminar/symposium and workshop in India	
संस्थान में आयोजित बैठकें	131
Meetings organized at institute	
महत्वपूर्ण दिवसों का आयोजन	132
Important days celebrated	
सम्पर्क एवं सहयोग	134
Linkages and collaboration	
मानव संसाधन विकास	135
Human resource development	
संगोष्ठी, सम्मेलन एवं प्रशिक्षणों का आयोजन	137
Workshops, symposium and trainings organized	
विदेश भ्रमण एवं पुरस्कार	139
Foreign visits and awards	
आगन्तुक	140
Visitors	
कार्मिक	142
Personnel	

प्राक्कथन
Preface

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान की स्थापना 1959 में प्रमुखतः मरू पारिस्थितिकी में पशुपालन सहित सतत् कृषि पद्धतियों के विकास के लिए आधारभूत और प्रायोज्य शोध करने, संसाधनों और रेगिस्तानीकरण प्रक्रिया एवं इसके नियन्त्रण हेतु एक सूचना घटक के रूप में कार्य करने, वैज्ञानिक नेतृत्व प्रदान करने एवं इसके प्रयोक्ताओं, अनुसंधान संस्थाओं/राज्य कृषि विश्वविद्यालयों के साथ क्षेत्रविशिष्टाधारित तकनीक का विकास ओर हस्तान्तरण करने हेतु की गई। संस्थान ने बदलती सामाजिक आर्थिक और जलवायु स्थितियों के मद्देनजर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् की क्षेत्रीय समिति, पांचवर्षीय रीव्यू टीम, शोध परामर्श समिति, संस्थान प्रबंधन समिति, राष्ट्रीय और अर्न्तराष्ट्रीय अनुसंधान संगठनों तथा अपने वैज्ञानिकों से परामर्श के पश्चात् 12वीं पंचवर्षीय योजना के लिए प्रमुख शोध क्षेत्रों की प्राथमिकताएं निर्धारित की हैं।

सतकना, लेह में क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र ने इस वर्ष पूर्णरूप से कार्य प्रारम्भ कर दिया है। ठण्डे और गर्म क्षेत्र नेटवर्क ने कार्यरत संस्थाओं के साथ सहयोग को और आगे बढ़ाया। आदिवासी उप–योजना राजस्थान, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र व तमिलनाडू राज्यों के आठ जिलों में सफलतापूर्वक लागू की गई जिससे 2997 लोग लाभान्वित हुए। आदिवासी उप–योजना के अन्तर्गत जल प्रबंधन, फलोद्यान विकास, मृदा सुधार, पशु प्रबंधन, सक्षमता सुधार आदि कार्य किये गये। संस्थान 12वीं पंचवर्षीय योजना में क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्रों को संसाधनों, शोध एवं प्रसार गतिविधियों में अधिक मजबूत बनाने का ध्येय रखता है।

निरन्तर अच्छी वर्षा वाला यह चौथा वर्ष था। यद्यपि वर्षा ऋतु के मध्य कुछ अपवाद रहे। शुष्क क्षेत्र के पश्चिमी भाग में मानसून सामान्य समय से लगभग एक माह पूर्व 16 जून तक पहुँच गया। शुष्क राजस्थान में गंगानगर को छोड़ कर मानसून सामान्य या सामान्य से अधिक रहा।

मथानिया एवम् आसपास के छह गाँवों के रेतीले सिंचित क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधनों के मुल्यांकन ने भू–जल स्तर में सन 1982 के 120 मीटर स्तर से सन 2013 में 320 मीटर तक गिरावट पाई गई।वर्ष 2002 और 2013 के भूमि उपयोग/भूमि आच्छादन के स्थानिक–सामयिक विश्लेषण से पता चला की सिंचित खेती एवं बसावट क्षेत्र में क्रमशः 22.82 एवं 1.17 प्रतिशत वृद्धि हुई और वर्षा आधारित खेती एवं चरागाह/चराई भूमि में क्रमशः 26.37 एवं 0.5 प्रतिशत कमी आई। कच्छ के बड़े रण में क्षेत्र का सर्वेक्षण

The Central Arid Zone Research Institute, established in 1959, is mandated mainly to undertake basic and applied research for development of sustainable farming systems, including livestock, in the arid ecosystem; to act as repository of information on the state of natural resources and desertification processes and its control; to provide scientific leadership and to develop collaboration with stakeholders, research institutes/ SAUs and other national and international agencies for generating location-specific technologies and transfer of the technologies. The institute sharpened its focus and prioritized the major researchable issues to be addressed during 12th five year plan in view of changing socio-economic and climatic conditions in consultation with ICAR Regional Committee, Quinquinial Review Team, Research Advisory Committee, Institute Management Committee, other national and international research organizations and through in-house discussions.

The Regional Research Station (RRS) at Stakna, Leh (Jammu and Kashmir) has become fully functional from this year. The linkages with participating organisations under Cold and Hot Arid Networks were further strengthened. Tribal Sub Plan (TSP) was implemented very successfully in eight districts in the states of Rajasthan, Jammu and Kashmir, Himachal Pradesh, Maharashtra and Tamil Nadu involving 2997 beneficiaries. The interventions undertaken under TSP included water management, horticulture, soil amelioration, livestock management, capacity building, etc. The institute intends to strengthen its other RRSs during 12th plan through research programmes and extension activities.

This year was the fourth consecutive good rainfall year, though there were some mid-season aberrations. The monsoon reached western part of hot arid zone by 16th June, about a month earlier than the normal date. The monsoon was normal or above normal in arid Rajasthan, excepting Ganganagar district.

Assessment of natural resources in sandy irrigated plain of Mathaniya and surrounding six villages showed that groundwater level declined from 120 m below

करने पर अत्यधिक क्षारीय वातावारण में *ऐलूरोपस लेगोपोइडेस, सरेसा सेरेटिका, सुडा नूडिफ्लोरा* एवं *यूरोकोन्ड्रा सेटुलोसा* जैसी लवणोद्भिद् प्रजातीयों का प्रभुत्त्व दिखाई दिया। लेह में गाँव फ़ेह और नांग के एक विस्तृत सर्वेक्षण से दोनों गाँवों में मिश्रित फसल–पशुधन खेती प्रणाली की प्रधानता दिखाइ दी। जौ, गेहूँ, आलू, शकरकंद, सब्जियाँ व अलफा अलफा दोनों गाँवो की मुख्य फसलें हैं। दोनों गाँवों में कृषि के अधीन भूमि उपयोग 11 से 32 प्रतिशत पाया गया जबकी साक्षरता दर 50 प्रतिशत है।

फील्ड जींन बैंक में 14 मूंग की, 34 ग्वार की, अंजन घास के 5 आनुवंशिक रूप, एक धामण घास और 37 बेर की किस्मों का रखरखाव, मूल्यांकन व लक्षणीकरण किया गया। बाजरा संकर 88004xसीजेड़आई 2004/8, एचएचबी 67 और जीएसबी 538, संकुल बाजरा 2010/14 सीजेड़आई 2012/13 और सीजेड़आई 2012/5 एवं नर नपुंसक लाईनों आईसीएमए 93333, 97111, सीजेड़एमएस 005 बी और सीजेडएमएस 008बी को उच्च तापमान सहिष्णुता के लिये आशाजनक पाया गया। तीन नई संकर किस्में आईसीएमए 92777xसीजेड़आई 2004/7, आईसीएमए 00444xसीजेड़आई 2007/9, सीजेड़एमएस 1एxसीजेड़आई 2010/5 और एक सकुंल किस्म सीजेड़पी 2के–9 को अखिल भारतीय समन्वित परीक्षण के लिये दिया गया।

अनार की 13, करोन्दा की 9 और गुंदा की 13 प्रजातियों का आरएपीडी पॉलीमोरफिज्म से मूल्यांकन किया गया तथा 17 जीन क्रमों को एनसीबीआई, युएसए में जमा कराया गया। मेथी, जीरा, धनिया और सौंफ के आनुवांशिक अभिलाक्षिणकी और प्रलेखन के अर्न्तगत आरएपीडी प्राइमर द्वारा अन्तरप्रजातिय मूल्यांकन किया गया तथा 38 जीन क्रमों को एनसीबीआई, युएसए में जमा कराया गया।

समन्वित कृषि पद्धति मॉडल (7 हैक्टेयर) में 845 मानव कार्य दिवस व 1:1.76 आयःव्यय अनुपात में ₹ 4,59,826 की सकल आय प्राप्त हुई। इसमें छः पशु ईकाईयों (4 गायें, 8 मैमने व 4 मैढ़े) द्वारा 7712 लीटर दूध व 291.8 किलो मांस का उत्पादन हुआ। बाजरा–ग्वार फसल चक्र में अनाज (1143 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर) की उपज लगातार बाजरा (1094 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर) की तुलना में अधिक थी। अधिकतम अनाज की उपज (2401 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर) 5 टन जैविक खाद और 40 किलो नत्रजन प्रति हैक्टेयर का संयुक्त रूप से प्रयोग करने पर प्राप्त हुई। संयुक्त रूप से 5 टन जैविक खाद और 40 किलो नत्रजन प्रति हैक्टेयर का प्रयोग करने पर उपलब्ध नत्रजन उच्चतम (93.1 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर) स्तर पर थी जबकि बिना किसी उर्वरक डाले 52.7 कि.ग्रा. नत्रजन प्रति हैक्टेयर थी। एकल बाजरा और ग्वार फसल की जुलाई में बुवाई करने पर क्रमशः 1665 व 1018 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर उपज प्राप्त हुई जबकी अगस्त में बुवाई करने पर 720 व 587 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर उपज हुई।

ground level in 1982 to 320 m bgl in 2013. Spatio-temporal analysis of landuse/land cover of this area for the year 2002 and 2013 indicated increase in irrigated croplands (22.82%), settlement areas (1.17%) and decrease in rainfed croplands (26.37%) and pasture/ grazing lands (0.5%). A field survey in Great Rann of Kachchh indicated the dominance of halophytes such as *Aeluropus lagopoides, Cressa cretica, Suaeda nudiflora* and *Urochondra setulosa* in the extreme saline environments. Detailed survey of village Phey and Nang in Leh showed prevalence of mixed crop-livestock farming system. Major crops included barley, wheat, potato, sweet pea, vegetables and alfa alfa. The area under cultivation was 11 to 32 per cent, while the literacy rate was 50 per cent.

In the field gene bank, 14 varieties of mung bean, 34 varieties of clusterbean, five genotypes of *Cenchrus ciliaris*, one variety of *C. setigerus* and 37 varieties of *Ziziphus mauritiana* were maintained, evaluated and characterized. Pearl millet hybrids 88004A × CZI 2004/8, HHB67 and GHB 538; populations CZP 9603 and CZP 2K-9; inbreds CZI 2010/14, CZI 2012/13 and CZI 2012/5; male sterile lines ICMA 93333, ICMA 97111, CZMS 005B and CZMS 008B were found promising for high temperature tolerance. Three new hybrids (ICMA 92777 × CZI 2004/7, ICMA 00444 × CZI 2007/9, CZMS 1A × CZI 2010/5) and one new population (CZP2K-9) were contributed to the All India Coordinated Trial.

RAPD analysis of 13 putative varieties of *Punica granatum*; 9 *Carrisa carandas* and 13 *Cordia myxa* accessions was performed and 17 novel gene sequences were submitted to NCBI, USA. Thirty eight novel gene sequences for cumin, coriander, fenugreek and fennel were also submitted to NCBI, USA.

The integrated farming system (IFS) model (7 ha) generated 845 man-days and gross returns of ₹ 459,826 with a B: C ratio of 1.76. Six adult cattle units (4 cows, 8 bucks and 4 rams) maintained in this IFS unit produced 7712 litre milk and 291.8 kg meat. Pearl millet in rotation with clusterbean gave more grain yield (1143 kg ha^{-1}) compared to its continuous cultivation (1094 kg ha^{-1}). The maximum grain yield (2401 kg ha^{-1}) was obtained with the application of 5 t FYM along with 40 kg N ha^{-1}. The available nitrogen in soil was highest (93.1 kg ha^{-1}) in 5 t FYM + 40 kg N ha^{-1} treatment and lowest in control (52.7 kg ha^{-1}). The yields of sole pearl millet and clusterbean sown in the month of July were 1665 and 1018 kg ha^{-1}, respectively while the yields of August sown crops were 720 and 587 kg ha^{-1}.

गुजरात के शुष्क क्षेत्र में 40 प्रतिशत कम पानी की स्थिति में जौ, सरसो और मैथी के मूल्यांकन से पता चला की अनाज की पैदावार सभी फसलों में कम पानी की स्थिति में रेखीय अनुपात में कम हो जाती है। सबसे कम अनाज उत्पादन में कमी जौ (10.8–32.9%) में देखी गयी एवं इसके बाद मैथी (23.7–25.8%) और सरसों (29.2–34.6%) में देखी गई। जीरा व ईसबगोल का अधिकतम उत्पादन क्रमशः 539.2 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर व 803.9 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर जैविक खाद के 4.5 टन प्रति हैक्टेयर के प्रयोग व ग्वार के फसल चक्र से प्राप्त हुआ। 0.125 प्रतिशत जस्ते के सल्फेट के पर्णक छिड़काव से उच्च तापमान में रहने पर भी पौधों में उपज में कम कमी हुई (गेँहूं और सरसों में क्रमशः 16.9 और 3.4 प्रतिशत)।

बेरीगंगा अनुसंधान फार्म के मौजूदा तालाब की जल धारण क्षमता में खुदाई द्वारा 400–500 घन मीटर की वृद्धि की गयी। कुल वर्षा का लगभग 26 प्रतिशत जल अपवाह के रूप में तालाब में संग्रहित हुआ। तालाब में कुल अपवाह का 50.4 प्रतिशत (633.5 घन मीटर) जल एकत्रित हुआ। सितम्बर माह में 181.4 मि. मी. की तीन बरसातों से भुज का प्रक्षेत्र तालाब पूर्ण भराव क्षमता यानि 2.85 मीटर गहराई तक भर गया। बोये गये क्षेत्रों में सितम्बर माह की तीन बरसात में मिट्टी कटाव 49–361 ग्राम प्रति लीटर आंका गया। आदिवासी बहुल जनसंख्या वाले डूंगरपुर जिले के एक जलग्रहण क्षेत्र बरनिया में परम्परागत खेती से धान की 1.8 टन प्रति हैक्टेयर उपज की तुलना में उन्नत तकनीकों के प्रयोग से धान की उपज 3.6 टन प्रति हैक्टेयर थी व उड़द में 0.24 से 0.36 टन प्रति हैक्टेयर तक की वृद्धि देखी गयी।

थारपारकर गायों को काँटा रहित केक्टस खिलाने पर पाया गया कि उनमें जल की आवश्यकता कम रही तथा बछड़ों में स्वास्थ्य पर बिना प्रतिकूल प्रभाव के पोषक तत्वों की पाचकता में वृद्धि हुई। मानसून ऋतु के दौरान, राठी गायों का दैनिक औसत जल ग्रहण 4.76 लीटर थारपारकर गायों 3.24 लीटर की अपेक्षा अधिक था। सांद्र मिश्रण में *प्रोसोपिस जूलीफ्लोरा* के मिलाने से मानक सांद्र मिश्रण की तुलना में स्वास्थ्य, प्रजनन तथा उत्पादन पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ा तथा गायों में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि पायी गयी।

संस्थान के बागवानी तथा कायलाना प्रक्षेत्र में तीन साल के अध्ययन से पाया गया कि इथेफॉन के प्रयोग से गुगल का अधिकतम उत्पादन 22.4 से 75.9 ग्राम प्रति पादप रहा साथ ही पौधों की बढ़वार पर इसका कोई बुरा प्रभाव नहीं पड़ा।

ग्राम सांचोर के निकट नमर्दा नहरी क्षेत्र में किए गये सर्वेक्षण में *मेरियोनिस हरियानी* सर्वाधिक पाई जाने वाली कृन्तक प्रजाति थी। दो नए कृन्तकनाशी, फ्लोक्यूमाफेन व डाईफेनाकॉम (0.005%) का परीक्षण किया गया। दोनो ही कृन्तकनाशीयों के एक दिन के सेवन से *रैटस रैटस* व *बेंडीकोटा बेंगालेंसिस* प्रजाति के सभी कृन्तक 5 से 6 दिवस

The least reduction in grain yield under deficit water supply of 40 per cent of field capacity was recorded in barley (10.8-32.9%) followed by fenugreek (23.7-25.8%) and mustard (29.2-34.6%) in arid Gujarat. Highest cumin (539.2 kg ha^{-1}) and psyllium (803.9 kg ha^{-1}) yields were obtained in rotation with clusterbean and 4.5 t ha^{-1} manure application. Foliar spray of 0.025 per cent $ZnSO_4$ reduced the adverse effect of exposure to high temperature in wheat and mustard by 16.9 and 3.4 per cent, respectively compared to water spray.

At Beriganga area capacity of *nadi* was increased by 400-500 m^3. Average runoff was 26 per cent of total rainfall, out of which net storage of 50.4 per cent of runoff (633.5 m^3) was recorded. Three rainfall events of 181.4 mm in September filled the farm pond in Bhuj up to its maximum capacity of 2.85 m depth. The mean sediment loss from cropped fields corresponding to three rainfall events in September was 49-361 g L^{-1}. A watershed site at Berania, Dungarpur, having predominantly tribal population, was selected for interventions and livelihood improvement programs. The improved varieties and practices increased paddy yield from 1.8 t ha^{-1} to 3.6 t ha^{-1} and black gram yield from 0.24 t ha^{-1} to 3.6 t ha^{-1}.

The cactus cladodes were found to be acceptable to animals, reducing water requirement and enhancing nutrient digestibility without affecting health of the calves. The average daily water intake of stall-fed Tharparkar and Rathi cows per kg dry matter intake was 3.24 and 4.76 liters, respectively. The inclusion of *Prosopis juliflora* pods in concentrate mixture for cattle had no adverse effect on health, production and reproduction as compared to standard concentrate mixture.

An optimum dose of ethephon was identified for maximum production of oleo-gum resins from guggul without any adverse effect on the plants. Oleo-gum resin production ranged from 0.4 to 22.4 g $plant^{-1}$ at Horticulture Block, while it ranged from 6.4 to 75.9 g $plant^{-1}$ in Beriganga area.

In Narmada Canal Command area near Sanchore, *Meriones hurrianae* was the predominant rodent species. Single exposure of anticoagulant rodenticides flocumafen and difenacoum (0.005%) in no choice condition resulted in absolute mortality in *Rattus rattus* and *Bandocoota bengalensis*, whereas, in *Tatera indica* two days exposure to flocumafen and difenacoum (0.005%) yielded 100 and 50 per cent mortality, respectively.

के मध्य मर गए जबकि *टटेरा इण्डिका* प्रजाति के कृन्तको में मृत्यु दर फ्लोक्यूमाफेन (0.005%) के दो दिन सेवन व डाईफेनाकॉम (0.005%) के तीन दिन सेवन पश्चात क्रमशः 100 व 50 प्रतिशत रही।

पी.वी. क्लेड ढ़ॉचे का सुधार किया गया जिसमें छाया हेतु कृषि–जाली और हवा हेतु निर्देशक संयोजित किये गये। वर्मीक्यूलाईट सीमेन्ट का सौर विस्थापित अवलणीय यन्त्र (1.13 वर्ग मीटर) से प्रतिदिन 1.41 लीटर पानी प्राप्त किया गया। सूर्य की तरफ मनुष्य द्वारा ट्रेकिंग करे जा सकने वाले दो सौर फोटो वोल्टिक (पी.वी.) पम्प (1400 वाट ए.सी. पम्प और 900 वाट डी.सी. पम्प) स्तरीकृत किये गये। दोनों पम्प से सर्वाधिक निकासी 5 मीटर पर कुल 4 लीटर प्रति सेकंड रही। जैसलमेर और चांदन को पवन ऊर्जा प्राप्त करने हेतु उपयुक्त पाया गया जिसमें पवन ऊर्जा घनत्व 70–90 वाट प्रति वर्ग मीटर रही। एक ट्रेक्टर चालित एफ.वाई.एम. देय का विकास किया गया जो 4.5–5.0 टन एफ.वाई.एम. प्रति हैक्टेयर भूतल से 100–150 मि.मी. नीचे डाल सकता है। अधोभूमि डिस्क हेरो (575.5 एम.जे प्रति हैक्टेयर) की तुलना में डिस्क हेरो सहित काष्ठफलक को अधिक ऊर्जा प्रभावकारी (414.2 एम.जे प्रति हैक्टेयर) पाया गया।

नागौर जिले की मेड़ता तथा जायल तहसीलों में 29 स्थानों पर *सेंक्रस सिलिएरिस* व *सेंक्रस सेटीजेरस* चारागाह स्थापित किये गये। औसत शुष्क पदार्थ का उत्पादन क्रमशः 2170 व 2096 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर था। उन्नत चारा उत्पादन तकनीक के 176 किसानों के प्रक्षेत्रों पर प्रर्दशन आयोजित किये गये। गाँव बीजवाड़ियॉ में किसानों की स्वयं की तकनीकों की तुलना में उन्नत उत्पादन पद्धति से मोठ (सीजेडएम–2), ग्वार (एचजीएस–365), अरण्डी (जीसीएच–7) एवं बाजरा (एचएचबी–67) की औसत उपज में क्रमशः 27.6, 41.8, 32.7 एवं 15.3 प्रतिशत बढ़ोत्तरी हुई। जीरा (जीसी–4) में नीम की खली के उपयोग से बीज उत्पादन में वृद्धि 16–17.7 प्रतिशत तथा मरूसेना से बीज उपचार करने पर 5–7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। किसान पशु आहार सौर कुकर को काम लेने के इच्छुक हैं क्योंकि यह लगभग 1000 कि.ग्रा. जलाने की लकड़ी हर साल बचाते हैं।

बारह राज्यों के कुल 11660 किसानों, विद्यार्थियों, प्रसार कर्त्ताओं, विभिन्न स्तर के अधिकारीयों ने कृषि तकनीक सूचना केन्द्र (एटिक) का भ्रमण किया। काजरी की उपलब्धियों एवं गतिविधियों के प्रति जागरूकता पैदा करने एवं तकनीकों को जन–जन तक पहुॅचाने हेतु संस्थान ने विभिन्न अवसरों पर 18 प्रर्दशनी आयोजित की एवं उसमें भाग लिया। एक किसान मेला एवं नवोन्मेशी तकनीक दिवस 19 सितम्बर को आयोजित किया गया जिसमें 1850 किसानों (40 प्रतिशत से अधिक महिलाएं) ने जोधपुर, जैसलमेर, बाड़मेर, पाली, सीरोही, जालोर, नागौर, उदयपुर जिलों से भाग लिया।

खरीफ में 5448 कि.ग्रा. टीएफएल बीज पैदा किया गया। मोठ की किस्म काजरी मोठ–2 का 647 कि.ग्रा. प्रजनक बीज व 16

The PV clad structure was modified with shades through agro-net and incorporation of guide for mist air distribution. The vermiculite cement solar desalination device (absorber area 1.13 m^2) was found best giving an output of 1.41 L m^{-2} d^{-1}. Efficiency of two solar photovoltaic (PV) pumps (1400 Wp AC pump and 900 Wp DC pump) was increased by installing manual tracking facility for orienting the PV arrays towards the sun. Jaisalmer and Chandan regions were found suitable for harnessing wind energy from surface winds, with wind power density of 70-90 W m^{-2}. A tractor drawn FYM applicator was developed that can place 4.5-5.0 t FYM ha^{-1}, 100-150 mm below the ground surface. Disc harrow with planking was found more energy efficient (414.2 MJ ha^{-1}) compared to sub soiler disc harrow (575.5 MJ ha^{-1}).

Pastures of *Cenchrus ciliaris* and *C. setigerus* established at 29 sites in Merta and Jayal tehsils of Nagaur district yielded dry matter in the range of 2170 and 2096 kg ha^{-1}, respectively. On farm trials-cum-demonstrations on improved fodder production technologies were conducted at 176 farmers' fields in *kharif* season. With improved farm technologies at Beenjwadia village, the increase in seed yield of moth bean (CZM-2), clusterbean (HGS-356), castor (GCH 7) and pearl millet (HHB 67) were 27.6, 41.8, 32.7 and 15.3 per cent respectively compared to local variety. In case of cumin (GC 4), seed yield increased by 16-17.7 per cent with the application of neem cake and 5-7 per cent with marusena treatment. Popularity of animal feed solar cooker is increasing among farmers as it led to a saving of about 1000 kg of fuel wood per year.

A Total of 11660 farmers, farm women, students and state officials from 12 states visited Agricultural Technology Information Centre (ATIC) of the institute. Many training programes (On-campus 77: Off-campus 183) were organized for farmers, 11358 farmers were trained. The institute organized/participated in 18 exhibitions on different occasions to popularize its technologies and to create awareness among the masses about the activities and achievements of CAZRI. A farmers' fair cum farm innovation day was organized on 19th September in which 1850 farmers (more than 40% were women farmers) participated from Jodhpur, Jaisalmer, Barmer, Pali, Sirohi, Jalore, Nagaur, Udaipur districts of Rajasthan.

Under ICAR Mega Seed Project, a total of 5448 kg TFL seed was produced in *kharif* season. Breeder seed (647 kg) and nucleus seed (16 kg) of moth bean var.

कि.ग्रा. नाभिक बीज एनएसपी (बीएसपी) के अन्तर्गत पैदा किया गया। तीन कि.ग्रा. नाभिक बीज अंजन घास की किस्म काजरी 75 का भी पैदा किया गया।

प्रशासनिक, वैज्ञानिक व तकनीकी कर्मचारियों की सक्षमता में सुधार को प्राथमिकता दी गई। मानव संसाधन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत 26 वैज्ञानिकों, 6 तकनीकी और 4 प्रशासनिक कर्मचारियों ने विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया। इसके अतिरिक्त 50 तकनीकी और प्रशासनिक कर्मचारियों ने काजरी संस्थान में नार्म, हैदराबाद की फेकल्टी द्वारा दिये गये प्रशिक्षण में भाग लिया। ई–ग्रंथ परियोजना के अन्तर्गत पुस्तकालय की दुर्लभ/पुरानी पुस्तकों, संस्थान के प्रकाशनों, परियोजना रिपोर्ट, संगोष्ठी, सम्मेलन की कार्यवाही, और विभिन्न दस्तावेजों के संग्रह में से 353 दस्तावेजों के अंकीकरण का कार्य किया गया। संस्थान प्रौद्योगिकी प्रबंधन इकाई (आईटीएमयू) ने नैनो उर्वरक प्रौद्योगिकी से सम्बंधित जानकारी के लिए काजरी एवं प्रतिष्ठा इंडस्ट्रीज लिमिटेड के बीच समझौता ज्ञापन करने में सहायता प्रदान की। एनएआईपी के तहत डॉ रहेजा पुस्तकालय में एएसआरबी भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के नेट/एआरएस प्रारम्भिक परीक्षा के लिए ऑनलाइन केन्द्र को स्थापित कर परिचालन किया गया। 26 मार्च से 4 अप्रैल, 2014 की अवधि में 55 विषयों के लिए पहली बार नेट 2014 परीक्षा का सफल आयोजन किया गया।

मैं शोध एवं प्रसार गतिविधियों में सतत् संलग्न रहे संस्थान के सभी वैज्ञानिकों को इस रिपोर्ट (प्रतिवेदन) में प्रतिबिम्बित गतिविधियों के लिए धन्यवाद देता हूं तथा प्रतिवेदन और प्रकाशन समिति के अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों द्वारा इस प्रतिवेदन को तैयार करने के लिए किये गये अथक प्रयासों हेतु धन्यवाद देता हूँ।

मैं आशा करता हूँ कि यह वार्षिक प्रतिवेदन शोध कर्ताओं, प्रसार कर्ताओं, किसानों एवं अन्य उपभोक्ताओं, जो शुष्क क्षेत्र के सतत् विकास में संलग्न हैं, के लिए उपयोगी सिद्ध होगा।

मुरारी मोहन रॉय
निदेशक

CAZRI Moth-2 and nucleus seed of *Cenchrus ciliaris* var. CAZRI-75 (3 kg) was also produced during *kharif* season under NSP.

Improving efficiency of scientific, technical and administrative staff received high priority. Under HRD programe, 26 scientists, 6 technical and 4 administrative personal attended various trainings. While 50 administrative and technical personnels were provided training at CAZRI main campus by NARM faculty. Under the e-GRANTH project (component I of NAIP) digitization of 353 contents/records of intellectual output available at CAZRI library (collection of rare/old books, institute publications, project reports, symposium, conference, seminar proceedings, old journals and various documents) is completed. Institute Technology Management Unit (ITMU) facilitated signing of MoU between CAZRI and Pratistha Industries Ltd. for transfer of know-how related to nano-fertilizer technology. Online System for NET/ARS-Prelim Examination in ASRB ICAR" center, made operational during this year and first online examination for National Eligibility Test (NET-2014-I) was conducted, as per schedule, for 55 disciplines from March 26 - April 4, 2014 in two slots.

I thank all the scientists of the institute who contributed significantly in research and extension activities, which is reflected in this report and also to the chairman and members of the editorial and publication committees for their sincere efforts in production of this report.

I hope the annual report will provide useful information to researchers, extension agencies, farmers and other stakeholders involved in sustainable development of the arid regions.

M. M. Roy
Director

कार्यकारी सारांश
Executive Summary

प्राकृतिक संसाधन मूल्यांकन, प्रबोधन और मरुस्थलीकरण का संयोधन

मथानिया एवं आसपास के छह गाँवों के रेतीले सिंचित क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधनों के मुल्यांकन में भू–जल स्तर में सन 1982 के 120 मीटर स्तर से सन् 2013 में 320 मीटर तक गिरावट पाई गई। वर्ष 2002 और 2013 के भूमि उपयोग/भूमि आच्छादन के स्थानिक–सामयिक विश्लेषण से पता चला की सिंचित खेती एवं बसावट क्षेत्र में क्रमशः 22.82 एवं 1.17 प्रतिशत वृद्धि हुई और वर्षा आधारित खेती एवं चरागाह/चराई भूमि में क्रमशः 26.37 एवं 0.5 प्रतिशत कमी आई। लगभग 0.32 प्रतिशत क्षेत्र अब सौर ऊर्जा संयंत्रों के लिए उपयोग में लिया जा रहा है।

राजस्थान में मरुस्थलीकरण का आकलन दर्शाता है कि 65 प्रतिशत क्षेत्र का विभिन्न उपक्रमों के द्वारा अवह्रासन हुआ है, जिसमें सबसे ज्यादा क्षेत्र वायु अपरदन से प्रभावित है (66%) एवं इसके बाद जल अपरदन (17%) और वनस्पति अवह्रासन से प्रभावित क्षेत्र (9.40%) है।

पश्चिमी राजस्थान के जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर, जालोर व पाली जिलों में जियोमोरफोलोजी एवं लीनीयमेन्टस् के मानचित्रण से यह पाया गया की 92.55 प्रतिशत क्षेत्र रेत द्वारा उत्पन्न भुआकृतियों का है। रेत द्वारा उत्पन्न भुआकृतियो के तृतीय श्रेणी के विभाजन के अनुसार परवलयिक बालुका स्तुप (35%), सेण्ड शीट (22%), पवनानुवर्त्ती बालुका स्तुप (18%) और बरखान (5%) मुख्य भूआकृतियां हैं।

प्रायोगिक प्रक्षेत्र चांदन पर शुष्क चारागाह भूमि पारिस्थितिकी में सूक्ष्म मौसमी परिवर्तन एवं वाष्प प्रवाह पर अविरल परीक्षण किये गये। उचित उष्मा प्रवाह की मौसमी विभिन्न्ता भूमि वायु तापमान अंतर एवं सतही वायुगति परस्पर सकारात्क रूप से सम्बन्धित है।

इंदिरा गांधी नहर परियोजना–2 के सागरमल गोपा एवं शहीद बीरबल शाखाओं द्वारा सिचिंत क्षेत्र की मृदाओं में बारानी खेती वाली मृदाओं की अपेक्षा 101, 45, 20, 52 एवं 22 प्रतिशत अधिक जैविक कार्बन, प्राप्य फास्फोरस, पोटेशियम, जिंक एवं आयरन पाये गये। मृदा की जैविक गुणवत्ता सूचकांक (एसबीक्यु) सिंचित क्षेत्र में सबसे ज्यादा पायी गयी तथा बारानी खेती में इससे कम एवं रेतीले टिलों में सबसे कम पायी गयी।

जालोर जिले के सांचौर तहसील से लिये गये मृदा नमूनों में उपलब्ध सल्फर 0.90 से 29.37 पीपीएम के मध्य (औसत मान 6.91 पीपीएम) थी। 57 प्रतिशत नमूनों में उपलब्ध सल्फर

Natural resources appraisal, monitoring and combating desertification

Assessment of natural resources in sandy irrigated plain of Mathaniya and surrounding six villages showed that groundwater level declined from 120 m below ground level (bgl) in 1982 to 320 m bgl in 2013. Spatio-temporal analysis of landuse/land cover of this area for the year 2002 and 2013 indicated increase in irrigated croplands (22.82%), settlement area (1.17%) and decrease in rainfed croplands (26.37%) and pasture/grazing lands (0.5%). Notably, about 0.32 per cent area has been now utilized for solar power plant units.

Assessment of degradation in Rajasthan under different landuse units indicated that 65 per cent of total area was affected by desertification, out of which wind erosion covered maximum area (66%) whereas water erosion (17%) and vegetation degradation (9.40%) were other major land degradation patterns of the area.

Geomorphological and lineament mapping in Jaisalmer, Barmer, Jodhpur, Jalore and Pali districts of western Rajasthan indicated the dominance of landforms of aeolian origin in 92.55 per cent area. Amongst the 3rd order classification of landforms of aeolian origin, parabolic dunes (35%), sand sheet (22%), longitudinal dunes (18%) and barchans (5%) were the major landform units.

Seasonal variations in sensible heat flux were significantly correlated with land-air temperature difference (R^2=0.7) and surface wind speed (R^2=0.55) in an arid grassland ecosystem at Chandan.

In Sagra Mal Gopa and Shahid Birbal Branches of IGNP-II command areas in Jaisalmer, organic carbon, phosphorus, potassium, zinc and iron content were higher in irrigated croplands by 101, 45, 20, 52 and 22 per cent, respectively compared to rainfed croplands. Soil biological quality index was higher in canal irrigated croplands than in rainfed croplands and it was lowest in sand dunes.

In Sanchore *tehsil* of Jalore district, available sulphur varied from 0.92 to 29.37 ppm with an

8 पीपीएम से नीचे पाया गया। इस प्रकार के नमूनों में सल्फर विलयनीकरण जीवाणुओं की संख्या बहुत कम मात्रा में (0 से <50) पायी गई। माइक्रोआर्थोपोड आधारित गुणवत्ता सूचकांक का मान दलहन एवं तिलहन आधारित पद्धतियों में खुले झाड़ी क्षेत्र और अनाज आधारित पद्धति की अपेक्षा अधिक रहा।

सेवण के सक्रिय विकास की अवधि के दौरान विभिन्न प्रबंधन और चराई प्रथाओं के तहत जैविक गतिविधियों का मूल्यांकन किया गया। मृदा सूक्ष्म संधिपदों की प्रचुरता का अस्थिर कार्बन (आर=0.76), फ्लोरोसेंट डाईएसिटेट गतिविधि (आर=0.73) और कार्बन प्रबंधन सूचकांक (आर=0.80) के साथ सहसंबद्ध था। सूक्ष्म संधिपद जीवों की संख्या सिल्वीपाश्चर और संरक्षित प्राकृतिक घास के मैदान में उच्च निवेश वाले चारागाह की तुलना में काफी अधिक थी। इसके अलावा नियंत्रित चराई, अनियंत्रित चराई की तुलना में संधिपद जीवों की उच्च आबादी का समर्थन करती है।

कच्छ के बड़े रण में क्षेत्र का सर्वेक्षण करने पर पाया कि अत्यधिक क्षारीय वातावरण में *ऐलूरोपस लेगोपोइडेस, सरेसा सेरेटिका, सुडा नूडिफ्लोरा* एवं *यूरोकोन्ड्रा सेटुलोसा* जैसी लवणोद्भिद् प्रजातियों का प्रभुत्त्व है।

लेह में गाँव फ़ेह और नांग के एक विस्तृत सर्वेक्षण से दोनों गाँवों में मिश्रित फसल–पशुधन खेती प्रणाली की प्रधानता दिखाई दी। दोनों गावों में कृषि के अधीन भूमि उपयोग 11 से 32 प्रतिशत पाया गया जबकि साक्षरता दर 50 प्रतिशत थी। जौ, गेहूँ, आलू, शकरकंद, सब्जियाँ व अलफा अलफा दोनों गांवो की मुख्य फसलें हैं। जहां सीबकथार्न जैसी वनस्पति है उसकी जड़ों में व्याप्त ग्रंथियों के कारण अन्य वनस्पति की वृद्धि ज्यादा दर्ज की गई।

पश्चिमी राजस्थान में वायु कटाव के द्वारा मिट्टी की हानि का अनुमान संशोधित वायु कटाव समीकरण के घटकों की गणना करके किया गया। भूक्षरण भाग घटक (ईएफ) एवम् मिट्टी पपड़ी घटक (एससीएफ) के सतह के मानचित्र से पता चला कि जोधपुर जिले का उत्तर पश्चिमी और मध्य भाग जो फलोदी व ओसिंया तहसील में आता है, वहां पर बाकी क्षेत्र की तुलना में वायु कटाव प्रक्रिया ज्यादा सक्रिय थी ।

जैसलमेर जिले में मरुस्थलीकरण का मुल्यांकन एवं निगरानी यह दर्शाता है कि 56 प्रतिशत क्षेत्र मरुस्थलीकरण के विभिन्न प्रकारों से ग्रसित है। वायु अपरदन अभी भी मुख्य रूप में है लेकिन इस प्रक्रिया से प्रभावित क्षेत्र वर्ष 1977 में 66 प्रतिशत था जो कि वर्ष 2010 में घटकर 62.3 प्रतिशत हो गया।

57 वर्षों (1951–2007) के दौरान अन्य दशकों की तुलना में 1961–70 और 1981–90 के दशकों में उत्तर पश्चिम भारत के शुष्क क्षेत्र और उसके आस–पास के भागों को अधिक सूखे का सामना करना पडा। इस दौरान इस क्षेत्र के किसानों को 4 से 7 बार, 2 या अधिक वर्षों तक लगातार सूखे का सामना करना पड़ा।

average of 6.91 ppm and 57 per cent samples was <8 ppm. The sulphur solubilizing bacterial population was very low (0 to <50) in these soil samples. The micro-arthropod based soil quality index was higher in pulse and oilseed based systems than in open scrub and cereal based systems.

During active growth period of *Lasiurus sindicus*, soil biological activities under different management and grazing practices were evaluated. Soil microarthropods abundance was correlated with labile carbon (r=0.76), florescent diacetate activity (r=0.73) and carbon management index (r=0.80). Microarthropod fauna was significantly higher under silvipasture and protected natural grassland in comparison to the high input grassland. Also controlled grazing was found to support higher population of soil fauna compared to uncontrolled heavy grazing.

A field survey in Great Rann of Kachchh indicated the dominance of halophytes such as *Aeluropus lagopoides, Cressa cretica, Suaeda nudiflora* and *Urochondra setulosa* in the extreme saline environments.

Detailed survey of village Phey and Nang in Leh showed mixed crop-livestock farming system in both villages. Area under cultivation was 11 to 32 per cent while literacy rate was 50 per cent. Barley, wheat, potato, sweet pea, vegetables and alfa alfa are major crops. The extent and characteristics of the grassy and broad-leaved weeds and associated flora were observed depending on the degree of *Hippophae* dominance under different habitats in cold arid zone.

The soil loss through wind erosion in western Rajasthan was assessed by calculating factors of revised wind erosion equation. Surface map of erodible fraction and soil crust factor in Jodhpur district indicated that the north western and middle portion of Jodhpur district covering Phalodi and Osiyan are more prone to wind erosion than rest of the region.

Assessment and monitoring of desertification in Jaisalmer district showed that 56 per cent area was affected by desertification of various types. Wind erosion still remains the dominant form but extent of area affected by this process has reduced from 66 per cent in 1977 to 62.3 per cent in 2010.

During 1951-2007 periods, arid zone of north-west India and its adjoining parts faced more droughts during 1961-70 and 1981-90 compared to other

चार जिलों में किये गये निरीक्षण के अनुसार पाली जिले में कार्बन की मात्रा सर्वाधिक थी जबकि जैसलमेर की कृषि भूमि में कार्बन की मात्रा न्यूनतम थी। वनभूमि में उपर की 45 से.मी. भूमि में कार्बन की मात्रा चरागाह से अधिक थी। विभिन्न कृषिवानिकी पद्धतियों में सिल्विपाश्टोराल पद्धति भूमि में कार्बन बढ़ाने में सबसे समर्थ है।

जैव विविधता संरक्षण, वार्षिकी व बहुवार्षिक पादपों का सुधार

पश्चिमी राजस्थान के शुष्क क्षेत्र से सेवण के 22 और खेजड़ी के 11 परिग्रहण एकत्रित किये गये। जैसलमेर जिले के विभिन्न प्राकृतिक परिवेशों से *ग्रेविया टेनेक्स* के 11 एवं *ईंडिगोफेरा ऑबलोंगीफोलिया* के पांच जननद्रव्य एकत्रित किये गये। फिल्ड जींन बैंक में 14 मूंग की, 34 ग्वार की, अंजन घास के 5 आनुवंशिक रूप, एक धामण घास और 37 बेर की किस्मों का रखरखाव, मूल्यांकन व लक्ष्णीकरण किया गया।

स्थापना के चार वर्ष पश्चात अंजन घास के आनुवंशिक रूप आईएमटीसीसी 10–7 की औसत हरा चारा उपज सबसे अधिक (14760 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर) थी, जिसके बाद आईएमटीसीसी 10–2 (14370 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर) और आईएमटीसीसी 10–5 (12730 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर) की उपज थी। स्थापना के चौथे वर्ष धामण घास के आनुवंशिक रूप वीटीसीएस–4 की हरा चारा उपज सबसे अधिक पाई गई (5860 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर), जिनके बाद वीटीसीएस–5 (4890 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर) की उपज थी।

बाजरा नर नपुसंक लाईन परीक्षण मे, सीजेड़एमएस–021ए ने सबसे ज्यादा उपज (3858 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर) दर्ज की। संकर 88004 ए x सीजेड़आई 2004/8, एचएचबी 67 और जीएचबी 538, सीजेड़पी 9603, सीजेड़पी 2 के 9, संकुल बाजरा सीजेड़आई 2010/14, सीजेड़आई 2012/13 और सीजेड़आई 2012/5 एवं नर नपुंसक लाईनों आईसीएमए 93333, 97111, सीजेड़एमएस 005 बी और सी जेडएमएस 008बी को उच्च तापमान सहिष्णुता के लिये आशाजनक पाया गया। तीन नई संकर किस्में आईसीएमए 92777xसीजेड़आई 2004/7, आईसीएमए 00444xसीजेड़आई 2007/9, सीजेड़एमएस 1एx सीजेड़आई 2010/5 और एक सकुंल किस्म सीजेड़पी 2के–9 को अखिल भारतीय समन्वित परीक्षण के लिये दिया गया। पिछले वर्ष पदोन्नत संकर किस्म आईसीएमए 88004xसीजेड़आई 2004/8 को भी अग्रिम सँकर/संकुल परीक्षण में दिया गया।

गुजरात के कच्छ क्षेत्र में ज्वार की 24 किस्मों का मूल्यांकन करने पर काजरी की एफएससी–3 में सबसे अधिक चारे की पैदावार (9736 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर) आंकी गयी। इसके बाद सीएसवी–15 में चारे की पैदावार (8769 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर) पायी गयी।

decades. During this period, farmers of this region had to cope with 4 to 7 consecutive drought years when the drought spell was of two or more years.

In the four districts surveyed, C content in different landuses was highest in Pali and lowest in cultivated soils of Jaisalmer district. Carbon status up to 45 cm deep soil profile was highest in forest land followed by pasture lands. Impact of different agroforestry systems on soil C stock revealed that the silvopastoral systems have more potential to sequester carbon in arid soils.

Biodiversity conservation, improvement of annuals and perennials

Twenty two accessions of *Lasiurus sindicus* and 11 of *Prosopis cineraria* were collected from arid region of western Rajasthan. Eleven germplasm of *Grewia tenax* and three of *Indigofera oblongifolia* were collected from different habitats in Jaisalmer district. In the field gene bank, 14 varieties of mung bean, 34 varieties of clusterbean five genotypes of *Cenchrus ciliaris*, one variety of *C. setigerus* and 37 varieties of *Ziziphus mauritiana* were maintained, evaluated and characterized.

Cenchrus ciliaris genotype IMTCC-10-7 had maximum green fodder yield (14760 kg ha-1) followed by IMTCC-10-2 (14370 kg ha^{-1}) and IMTCC-10-5 (12730 kg ha^{-1}) after four years of establishment. *C. setigerus* genotype VTCS-4 had maximum green fodder yield at Jodhpur (5860 kg ha^{-1}) and Pali (6685 kg ha^{-1}).

Pearl millet male sterile line CZMS 21A recorded the highest grain yield (3858 kg ha^{-1}). Hybrids 88004A x CZI 2004/8, HHB67 and GHB 538; populations CZP 9603 and CZP 2K-9; inbreds CZI 2010/14, CZI 2012/13 and CZI 2012/5; male sterile lines ICMA 93333, ICMA 97111, CZMS 5B and CZMS 8B were found promising for high temperature tolerance. Three new hybrids (ICMA 92777 x CZI 2004/7, ICMA 00444 x CZI 2007/9, CZMS 1A x CZI 2010/5) and one new population (CZP2K-9) were contributed to the All India Coordinated Trial. Hybrid (ICMA 88004A x CZI 2004/8) was contributed to the advanced hybrid and population trial.

Among twenty four germplasm of fodder sorghum evaluated at RRS Bhuj, cultivar CAZRI FSC 3 gave the highest stover yield (9736 kg ha^{-1}) followed by CSV-15 (8769 kg ha^{-1}).

मूंग के उत्परिवर्तित पादप सीजेडएम–17, सीजेडएम–16 व सीजेडएम–41 की पैदावार अपने पैतृक पादप (417–521 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर) की तुलना में अधिक (708–833 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर) थी एवं इनका परिपक्वन काल 55–56 दिन था।

ग्वार के जीन प्रारूप जीआर–5, जीआर–4, जीआर–1 ने औसत प्रदर्शन (396–435 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर) किया व 78–80 दिनों में परिपक्व हुई।

अखिल भारतीय समन्वित परियोजना में चवले की किस्म, डीसी–47–1 चेक किस्मों की तुलना में, देश के दक्षिणी क्षेत्रों में दानां व चारा दोनों के उत्पादन के लिए उपयुक्त पायी गयी, साथ ही यह येलो मोजेक विषाणु एवं एन्थ्रेक्नोज रोग के प्रति सहिष्णु पाई गई। कुलथी की किस्म, एके–53, चेक किस्मों की तुलना में एक पखवाड़े पहले पकने वाली किस्म है और राजस्थान, गुजरात, उत्तराखण्ड, छतीसगढ़ व महाराष्ट्र के लिए चिन्हित की गयी है।

जाल की 10 वर्ष की झाड़ियों की सूखा फल उपज 0.103 से 1.638 ग्रा. थी। कुमट की 15 महिने हाफ–सीब पिढ़ियों में ऊँचाई 28.7 से 45.5 से.मी. थी, जबकि कॉलर व्यास 0.33 से.मी. से 0.60 से.मी. था। पौधशाला में पालीथीन थैली (0.63) की तुलना में खाली प्लास्टिक पाइप (0.84) में कैर का अधिक जड़ तना अनुपात पाया गया, जिससे प्रक्षेत्र दशा में इसका अच्छा सुस्थापन रहा।

कांटा रहित नागफनी के 18 जीवद्रव्य में से तीन अभिवृद्धियों (1308, 1270, 1271) ने जोधपुर व भुज में सफलता पूर्वक प्रवर्धन किया गया।

अनार किस्मों के वर्णनकर्ता के रूप में छत्तीस आवश्यक विशेषताओं और दो विशेष परीक्षण विशेषताओं (अजैविक एवं जैविक तनावों के लिए सहिष्णुता) वाले लक्षणों को विशिष्टता, एकरूपता और स्थायित्व (डीयूएस) परीक्षण दिशा निर्देशों में शामिल किया गया। बेर की 22 किस्मों में टीकड़ी, इलायची, जोगिया, गोला व उमरान जलवायु परिवर्तन के ज्यादा अनुरूप पाई गई।

मतीरे की एफ3 संतत्तियों में प्रति पौधा अधिकतम बीज उपज संतति डीआरबी–653xडीआरबी–661–1 (698.3 ग्राम) में तदउपरांत एसकेएनके–679xईसी–677168 (620.0 ग्राम) में पायी गई। 21 प्राप्तियों के जननद्रव्य मूल्यांकन परीक्षण में प्रति पौधा अधिकतम बीज उपज एसकेजीपीके–22 (337.6 ग्राम) तदउपरांत एसकेजीपीके–21 (301.3 ग्राम) में दर्ज की गई।

अनार की 13, करोन्दा की 9 और गुंदा की 13 प्रजातियों का आरएपीडी पॉलीमोरफिज्म से मूल्यांकन किया गया तथा 17 जीन क्रमों को एनसीबीआई, युएसए में जमा कराया गया। मेथी, जीरा, धनिया और सौंफ के आनुवांशिक अभिलाक्षिणकी और प्रलेखन

Stabilized mutants of mung bean (CZM-17, CZM-16 and CZM-41) produced higher grain yield (708 - 833 kg ha^{-1}) as compared to parent varieties (417-521 kg ha^{-1}) and matured in 55-56 days. Clusterbean genotypes GR-5, GR-4 and GR-1 were high yielders (396-435 kg ha^{-1}) and matured in 78-80 days.

Cowpea variety DC-47-1 was identified for the southern India as it exhibited superiority for grain yield, dry fodder yield and was resistant to the YMV and anthracnose diseases. AK-53, an early maturing variety of horse gram, was identified for release in Rajasthan, Gujarat, Uttarakhand, Chhatisgarh and Maharashtra.

The dry fruit yield of ten years old 24 accessions of *S. oleoides* shrubs varied from 0.103 to 1.638 g. Fifteen-month-old seedlings of eleven half-sib progenies of *A. senegal* were 28.7 to 45.5 cm in height while collar diameter varied from 0.33 to 0. 60 cm. In kair (*Capparis decidua*), root shoot ratio was higher in seedlings raised in hollow pipes (0.84) as compared to those raised in poly bags (0.63).

Out of eighteen cactus pear accessions introduced, accession # 1270, 1271, and 1308 successfully adapted to Jodhpur and Gujrat conditions.

Thirty six essential characteristics and two special test characteristics (tolerance against abiotic and biotic stresses) were incorporated in descriptors of pomegranate under the Distinctiveness, Uniformity and Stability (DUS) test guidelines. Amongst twenty two varieties of *Ziziphus mauritiana*, Tikadi, Illaichi, Jogia, Gola and Umran were found to be the most adapted to arid environment.

In F3 progenies of watermelon (*Citrullus lanatus*), maximum seed yield per plant was recorded in progeny DRB-653 x DRB-661-1 (698.3 g) followed by SKNK-679 x EC-677168 (620.0 g). In germplasm evaluation trial of 21 watermelon accessions, SKGPK-22 gave maximum seed yield of 337.6 g plant-1 followed by SKGPK-21 (301.3 g per plant).

RAPD analysis of 13 putative varieties of *Punica granatum;* 9 *Carrisa carandas* and 13 *Cordia myxa* accessions was performed and 17 novel gene sequences were submitted to NCBI, USA. Thirty eight novel gene sequences for cumin, coriander, fenugreek and fennel were submitted to NCBI, USA database to document Indian seed spices biodiversity.

के अर्न्तगत आरएपीडी प्राइमर द्वारा अन्तरप्रजातिय मूल्यांकन किया गया तथा 38 जीन क्रमों को एनसीबीआई, युएसए में जमा कराया गया।

खरीफ में आईसीएआर मेगा सीड प्रोजेक्ट के अन्तर्गत 5448 कि.ग्रा. टीएफएल बीज काजरी, जोधपुर फार्म पर पैदा किया गया। खरीफ 2013 में मोठ की किस्म काजरी मोठ–2 का 647 कि.ग्रा. प्रजनक बीज व 16 कि.ग्रा. नाभिक बीज एनएसपी (बीएसपी) के अन्तर्गत पैदा किया गया। तीन कि.ग्रा. नाभिक बीज अंजन घास की किस्म काजरी 75 का भी पैदा किया गया।

एकीकृत शुष्क भूमि-कृषि पद्धति अनुसंधान

सात हेक्टेयर आईएफएस मॉडल में 845 मानव कार्य दिवस व 1:1.76 आयःव्यय अनुपात में ₹ 4,59,826 की सकल आय प्राप्त हुई। इसमें छः पशु ईकाईयों (4 गायें, 8 मैमने व 4 मैढ़े) द्वारा 7712 लीटर दूध व 291.8 कि.ग्रा. मांस का उत्पादन हुआ।

जीरा व ईसबगोल का अधिकतम उत्पादन क्रमशः 539.2 कि. ग्रा. प्रति हैक्टेयर व 803.9 कि.ग्रा. प्रति हैक्टेयर जैविक खाद के 4.5 टन प्रति हैक्टेयर के प्रयोग व ग्वार के फसल चक्र से प्राप्त हुआ। नीम खल व जैव कीट नियंत्रक के प्रयोग से सूखा व झुलसा रोग में क्रमशः 39 व 32 प्रतिशत की कमी पायी गयी।

काजरी के कायलाना वन क्षेत्र, जो कि चट्टानी व अर्धचट्टानी है, में *अकेशिया सेनेगल, अकेशिया टोरटोलिस, एनोजिसिस पेन्डुला, एनोजिसिस रोटन्डिफोलिया, प्रोसोपिस ज्यूलिफ्लोरा, बेलेनाइटिस इजिप्टिका* व *कोर्डिया मिक्सा* प्रजाति के वृक्षों को काजरी गोंद उत्प्रेरक से उपचारित किया गया तथा इनसे क्रमशः 136, 240, 120, 519, 220, 217 व 148 ग्रा. प्रति वृक्ष गोंद का उत्पादन हुआ।

Gum production from tree species

CAZRI gum inducer applied to *Acacia senegal, A. tortolis, Anogeissus pendula, A. rotundifolia, Prosopis juliflora, Balanities aegyptiaca* and *Cordia myxa* growing on rocky-gravelly area of Kailana resulted in production of 136, 240, 120, 519, 220, 217 and 148 g gum per tree, respectively.

अकेसिया सेनेगल से गोंद उत्पादन पर गोंद उत्प्रेरक तथा वृक्ष प्रबंधन का प्रभाव

काजरी, जोधपुर के भोपालगढ़ प्रयोगात्मक क्षेत्र में पूर्ण सान्द्रता वाले काजरी गोंद उत्प्रेरक + सिंचाई + देशी खाद के उपयोग से अत्यधिक मात्रा में अरेबिक गोंद प्राप्त हुआ (सारणी 6.2)। शैलीय एवं अर्द्ध शैलीय क्षेत्र जहाँ *अ. सेनेगल* प्रयुक्त मात्रा में उगता है वहां वृक्ष प्रबंधन तकनीक एवं गोंद उत्प्रेरक प्रयोग गोंद के निःस्त्रवण में अत्यन्त उपयोगी सिद्ध हो सकते है।

Effect of management practices and gum inducer on gum production of *Acacia senegal*

Full concentration of CAZRI gum inducer + irrigation + manuring resulted in higher production of gum Arabic compared to control from *A. senegal* grown on rocky and semi-rocky lands at 5x5 m spacing (Table 6.2).

सारणी 6.2 प्रबंधन व्यवस्था और गोंद उत्प्रेरक की सान्द्रता का *अकेसिया सेनेगल* से गोंद उत्पादन पर प्रभाव
Table 6.2 Effect of management gum inducer on *A. senegal* gum production

Management practices	Gum inducer concentration								
	2010-11			2011-12			2012-13		
	Control	Half conc.	Full conc.	Control	Half conc.	Full conc.	Control	Half conc.	Full conc.
Control	0.0	8.5	31.7	2.3	10.4	37.4	3.5	17.5	15.17
Irrigation (I)	0.0	20.0	46.3	1.0	25.9	52.0	4	21.5	55.67
Manuring (M)	0.0	28.7	34.3	0.8	32.7	40.5	3	28.7	60.83
I + M	3.3	60.3	21.3	7.0	71.4	27.3	3.3	31.8	64.33
CD (P=0.05)	5.09	4.41	8.81	5.59	4.84	9.68	10.70	27.12	8.81

गोंद उत्पादन तकनीक का विस्तारण एवं अंगीकरण

बाड़मेर जिले के चौहटन व बायतु तहसील, जोधपुर जिले के शेरगढ़ व फलोदी तहसील एवं नागौर व पाली जिले के कुछ गाँवों में वृहद स्तर पर गोंद उत्पादन तकनीक को अपनाया गया। काजरी गोंद उत्प्रेरक से उपचारित वृक्षों की संख्या वर्ष 2012–13 के दौरान 30 हजार पाई गई, जिनसे 12 टन गोंद का उत्पादन हुआ।

जूली कॉफी उत्पादन तकनीक में सुधार

जूली कॉफी का पेय बनाने पर कुछ रेशे सतह में बैठ जाते थे और यह समस्या बहुत प्रारम्भ से ही थी। तैयार कॉफी पाउडर का निर्वात शीत शुष्किकरण के द्वारा इस समस्या का 90 प्रतिशत समाधान कर लिया गया। निर्वात शीत शुष्किकरण की प्रक्रिया पुनःपरिष्कृत की गई। इस प्रकार तैयार कॉफी जल व दूध में पूर्ण रूप से घुलनशील पाई गई।

Extension and adoption of gum inducing technique

Gum inducer was applied to about 30,000 trees in more than 45 villages of Chauhatan and Baytu *tehsils* of Barmer district; Shergarh and Phalodi *tehsils* of Jodhpur district and some villages of Nagaur and Pali districts during 2012-13, resulting in production of 12 t of gum Arabic.

Refinement in Juli-Coffee production technology

Though the technology for processing *P. juliflora* pod based coffee has been developed, however, there was a problem of solubility. The fiber content often settles down while preparing instant hot or cold coffee. By vacuum freeze drying of prepared coffee powder, this problem was solved to 90 per cent. The process was further refined by adding milk in the coffee solution before freeze drying. The coffee prepared by this process was absolutely soluble in water and milk.

प्रसंग 7: समन्वित नाशीजीव प्रबन्धन
Theme 7: Integrated pest management

जैव नियंत्रण घटकों और नीम उत्पादों के संयोजन का आंकलन

नीम उत्पादों का मिट्टी में जैव नियंत्रक कवकों पर प्रभावः *ट्राइकोडर्मा हार्जिएनम, मैटाराइजियम एनाइसोप्ली तथा पिसिलोमाइसिस लिलेसिनस* का नीम खली एवं नीम चूर्ण (1%) उपचारित मिट्टी में 90 व 150 दिन तक उत्तरजीविता हेतु प्रयोगशाला में परीक्षण किया गया। यह पाया गया कि 90 दिन पश्चात् नीम चूर्ण संशोधित मिट्टी में *ट्राइकोडर्मा हार्जिएनम* की आबादी $1.3x10^8$ से बढ कर $3.7x10^9$ बीजाणु प्रति ग्रा. मिट्टी, *मैटाराइजियम एनाइसोप्ली* की संख्या $0.21x10^8$ से बढ़ कर $3x10^8$ बीजाणु प्रति ग्रा. मिट्टी एवं *पिसिलोमाइसिस लिलेसिनस* की आबादी $4.3x10^2$ से $6.7x10^2$ बीजाणु प्रति ग्रा. मिट्टी हो गई। इसी अवधि में नीम खली संशोधित मिट्टी में तीनों जैव नियंत्रक कवकों की संख्या क्रमशः $4x10^9$, $7x10^8$ तथा $1.56x10^5$ बीजाणु प्रति ग्रा. मिट्टी तक आंकी गई। 150 दिन के पश्चात् विभिन्न संयोजनों में *ट्राइकोडर्मा हार्जिएनम* की संख्या में नीम चूर्ण संशोधित मिट्टी ($1.9x10^9$ बीजाणु प्रति ग्राम) में नीम खली संशोधित मिट्टी ($4x10^8$ बीजाणु प्रति ग्राम) की तुलना में अधिक वृद्वि अंकित की गई। इस समयावधि में *पिसिलोमाइसिस लिलेसिनस* की संख्या $4.6x10^3$ पर स्थिर रही, जबकि *मैटाराइजियम एनाइसोप्ली* की संख्या में कोई निश्चित प्रवृति दिखलाई नहीं पड़ी।

नीम उत्पादों व जैव नियंत्रक कवकों का भूमि जनित नाशीकीटों व व्याधियों पर सम्मिलित प्रभावः ग्वार की फसल पर किये गये क्षेत्र प्रयोग में देशी खाद के साथ मिलाये गये नीम चूर्ण (400 कि.ग्रा. प्रति हैक्टर), *मैटाराइजियम एनाइसोप्ली* व खाद तथा खाद के साथ तीनों जैव नियंत्रक कवकों के सम्मिलित प्रयोग वाले उपचारों ने फसल को दीमक से पूर्ण सुरक्षा प्रदान की। खाद के साथ *ट्राइकोडर्मा हार्जिएनम* के अतिरिक्त नीम चूर्ण आधारित अन्य जैविक उपचार रासायनिक उपचार की अपेक्षा अधिक प्रभावी रहे।

अनुपचारित मानक (3.2% हानि) की तुलना में तीनों जैव नियंत्रक कवकों के सम्मिलित प्रयोग वाले उपचार में न्यूनतम पादप मृत्यु दर (2.1%) दर्ज की गई। गमलों में किये गये परीक्षणों में मिर्च के पौधों में सर्वाधिक कारगर उपचार नीम चूर्ण के साथ तीनों जैव नियंत्रक कवकों के सम्मिलित प्रयोग का रहा, जिससे जड़ सूत्रकृमियों की संख्या में 39 प्रतिशत कमी हुई तथा सूत्रकृमि जनित गॉठों की संख्या 33 प्रतिशत घट गई। इस उपचार से पौधों के वजन में भी वृद्धि दर्ज की गई।

Assessing synergy of bio-control agents and neem products against soil pests and diseases

Effect of neem products on survival of bio-control agents in soil: The survival of *Trichoderma harzianum*, *Metarrhizium anisopliae* and *Paecilomyces lilacinus* alone and in different combinations was studied under laboratory conditions in neem powder and neem cake amended (1%) soil at 90 and 150 days intervals. After 90 days, the population of *T. harzianum* increased from $1.3x10^8$ to $3.7x10^9$ g^{-1} soil; that of *M. anisopliae* from $0.21x10^8$ to $3x10^8$ g^{-1} soil; while *P. lilacinus* propagules increased from $4.3x10^2$ to $6.7x10^2$ g^{-1} soil in the neem cake amended soil. The corresponding population levels for the bio control agents (BCAs) in the neem powder amended soil after 90 days were $4x10^9$, $7x10^8$ and $1.56x10^5$ g^{-1} soil, respectively. After 150 days, higher population of *T. harzianum* was recorded in neem powder ($1.9x10^9$ g^{-1} soil) amended soil compared to that amended with neem cake ($4x10^8$ g^{-1} soil) when all the three BCAs were combined. The population of *P. lilacinus* remained at $4.6x10^3$ g^{-1} level in neem powder however, no consistent trend was recorded in the population of *M. anisopliae* at 150 days interval.

Effect of neem products and bio-control agents (BCA) on soil pests and diseases: The neem powder with FYM; *Metarrhizium anisopliae* with FYM and neem powder with all the three BCAs in FYM provided complete protection to clusterbean crop from termite injury under field conditions. The neem powder (400 kg ha^{-1}) based treatments with bio-control agents except *T. harzianum* with FYM proved superior to chemical treatment (0.6% plant mortality).

The least charcoal rot induced mortality (2.1%) in clusterbean was recorded in the treatment having combination of all the three BCAs compared to non-amended control (3.2% plant mortality). In pot trials, the least root knot incidence on chilli plants was recorded with the application of *P. lilacinus*, *M. anisopliae* and *T. harzianum* in neem powder. The treatments increased in root biomass (56%) and shoot biomass (48%) and reduced the average number of galls per plant by 33 per cent and nematode population by 39 per cent.

मरू दलहनों में समन्वित कीट प्रबंधन

अखिल भारतीय समन्वित परियोजना के अन्तर्गत ग्वार और चंवला की फसल में सफेद मक्खी और जैसिड के नियंत्रण के लिये थियोमेथोजाम (70 डब्ल्यूएस) या इमिडाक्लेप्रीड (70 डब्ल्यूएस) रसायन से 5 ग्रा. प्रति कि.ग्रा. की दर से बीजोपचार या फीपरोनील (5%एससी) 4 मिलिलीटर प्रति कि.ग्रा. की दर से बीजोपचार प्रभावी तथा किफायती पाया गया।

कीट एवं व्याधि का अध्ययन

बाजराः बीसी 5 की 60, संकर प्रविष्टियों की 200 एवं 22 एमएस लाइनों में डाउनी मिल्ड्यु एवं ब्लास्ट बिमारियों के अध्ययन से पता चला कि बैक क्रास की कुछ प्रविष्टियों (5, 11, 12 और 15) के अलावा, एमएस एवं संकर प्रविष्टियों की सभी लाइनें ब्लास्ट बिमारी से ग्रसित थी। जबकि बीसी 5 में बैक क्रास की प्रविष्टि संख्या 6, 28 और 59 के अलावा सभी प्रविष्टियों ने डाउनी मिल्ड्यु के लिये प्रतिरोधकता दिखाई।

ग्वारः एवीटी के अन्तर्गत जीआर–7 (8.3%) और जीआर–3 (20%) बैक्टिरियल ब्लाइट के लिये मध्यम प्रतिरोधक थी जबकि आईवीटी के अन्तर्गत जीआर–16 और जीआर–20 मध्यम प्रतिरोधक पायी गयी। ग्वार के अग्रिम पक्ति परिक्षण के 7 जीन प्रारूपों का विभिन्न कीट व व्याधियों की अध्ययन किया गया।

एवीटी के अन्तर्गत माईट की संख्या 1.44 से 1.89 प्रति पत्ती जबकि आईवीटी के अन्तर्गत माईट की संख्या 1.56 से 2.33 प्रति पत्ती देखी गयी। सफेद मक्खी की संख्या जीन प्रारूप जीआर 2 (0.56) और जीआर 7 (1.89 प्रति पत्ती) देखी गयी। जैसिड की सबसे कम संख्या जीन प्रारूप जीआर–7 में देखी गयीं।

मूंगः मूंग में येलो मोजेक विषाणु का प्रकोप 0.89 से 6.11 प्रतिशत प्रति पत्ती देखा गया। केएम 1311 में सबसे ज्यादा प्रकोप था। सफेद मक्खी की संख्या 1.44 से 4.56 प्रति पत्ती थी और सबसे कम संख्या केएम 1305 तथा सबसे अधिक संख्या केएम 1318 में 4.56 प्रति पत्तीं देखी गई। जैसिड की सबसे कम संख्या केएम 1304 तथा सबसे अधिक संख्या केएम 1305 में देखी गई।

मोठः फील्ड जीन बैंक की 70 प्रविष्टियों में से आईसीकेपीपी/एके–8, सीजेडएम–1, सीजेडएम–2, आरएमओ 225 और आरएमओ 423 येलो मोजेक विषाणु से मुक्त पायी गयी जबकि आईसी–311434, आईसी–311436 और पीएलएमओ–198, जड़ बिमारियों के लिये प्रतिरोधक थी।

पश्चिमी राजस्थान की जलवायु का बेर परागण कीटों की प्रचुरता पर प्रभाव

बेर की पूर्ण पुष्पन अवस्था पर परागण कीटों की गतिविधियों

Integrated pest management in arid legumes

Under AINP on Arid Legumes, it is recommended that treating the seeds with thiomethoxam 70 WS @ 5 g kg^{-1} seeds or imidacloprid 70 WS @ 5 g kg^{-1} seeds or fipronil 5 per cent SC @ 4 ml kg^{-1} seeds is effective and economical for management of whitefly and leaf hopper in clusterbean and cowpea.

Insect pests and disease incidence

Pearl millet: Downy mildew and blast diseases screening of 60 entries of BC5, 200 entries of hybrid trial (HT-1 to HT-4) and 22 ms lines under field conditions revealed that none of the ms lines and hybrid trial entries were resistant to blast disease. Some of the backcross entries (5, 11, 12 and 15) were resistant to blast. Except entry number 6, 28 and 59 of BC5 trial, all the entries showed resistance to downy mildew.

Clusterbean: Seven entries evaluated for their performance in advanced varietal trial, the genotypes *viz*. GR-7 (8.3%) and GR-3 (20%) were found to be moderately resistant to bacterial blight. In Initial coordinated varietal trial, amongst 14 genotypes entries GR-16 (8.3%) and GR-20 (20%) were classified as moderately resistant. In AVT accessions incidence of mites ranged from 1.44-1.89 per leaf, whereas, in IVT trials, mites were 1.56 to 2.33 per leaf. Whitefly incidence was from 0.56 (GR 2) to 1.89 per leaf (GR 7). Jassids incidence was 0.67-1.56 per leaf in different varieties and was lowest in GR 7. Whiteflies ranged from 0.56 (GR 18) to 1.89 per leaf (GR 11). Mean jassid number was 0.56-2.44 per leaf. Highest number of jassids per leaf was recorded in GR 24.

Mung bean: In mung bean incidence of YMV (number of) ranged from 0.89 to 6.11 infested leaves per plant in various varieties, highest incidence was recorded in KM 1311. Whitefly incidence was 1.44-4.56 per leaf. KM 1304 had highest and KM 1305 had lowest number of jassids.

Moth bean: Out of 70 entries of field gene bank ICKPP/AK-8 of AICPIP and CZM-1, CZM-2, RMO-225 and RMO-423 of were free from the attack of yellow mosaic virus (YMV) whereas, IC311434, IC 311436 and PLMO-198 were resistant to root diseases.

Abundance and diversity of pollinators in ber at four climatic zones of western Rajasthan

Abundance of insect pollinators of ber were

का आकलन पश्चिमी राजस्थान के चार भिन्न जलवायु वाले क्षेत्रों में किया गया (सारणी 7.1)। परागण कीटों की सर्वाधिक संख्या पाली क्षेत्र के बागानों में मिली। कीटों की प्रचुरता व विविधता का जलवायु परिवर्तन के तुलनात्मक अध्ययन से यह ज्ञात हुआ कि परागण कीटों पर वर्षा का प्रभाव परिलक्षित होता है।

वर्ष 1980–83 व 2011–13 के आँकड़ों का तुलनात्मक अध्ययन से यह प्राप्त हुआ कि लगभग 30 वर्षों बाद भी परागण कीटों की प्रचुरता व विविधता पर कोई विशेष प्रभाव परिलक्षित नहीं है (चित्र 7.1)। इसके अतिरिक्त बेर के परागण कीटों में काफी विविधता भी थी। इन कारणों से यह कहा जा सकता है कि संभावित जलवायु परिवर्तन का बेर फलन पर विपरीत प्रभाव की संभावना कम है।

observed at four different places *viz.*, Pali, Jaisalmer, Bikaner and at Jodhpur climatic conditions. Maximum number of pollinators was observed at Pali followed by Jodhpur location (Table 7.1). Comparison of insect abundance with climatic parameters suggested that the rainfall influence the activity of the pollinators.

A comparison 2011-2013 data with the year 1980-1983 data revealed that there was not much variation in abundance and diversity of diurnal pollinators (Fig. 7.1). As reported earlier also, in present study pollination in ber was dominantly myophily, sapromyphily and melittophily. Since pollination in *Ziziphus* carried out by diverse group of insects which may confront climate variation in this arid zone, hence fruit set.

सारणी 7.1 पश्चिमी राजस्थान के चार भिन्न जलवायु वाले क्षेत्रों में परागण कीटों की गतिविधियों का आकलन
Table 7.1 Pollinators abundance at different climatic zones of arid western Rajasthan

Place	Agro-climatic zone	Bees	Wasps	Diptera	Others	Total	*Rainfall (mm)	*T_{max}	*T_{min}
Jodhpur	IA	2.90^{c}	0.80^{c}	1.63^{b}	1.11^{b}	6.44^{c}	372	33.8	19.9
Pali	IIB	3.35^{c}	0.45^{b}	4.83^{a}	1.21^{b}	9.83^{d}	414	34.2	18.8
Bikaner	IC	0.52^{a}	0.07^{a}	$0.93a^{b}$	0.24^{a}	1.76^{a}	263	33.5	18.6
Jaisalmer	IC	1.53^{b}	0.63^{b}	1.39^{a}	0.30^{a}	3.86^{b}	192	34.2	18.2

N =120, values with dissimilar letters are significantly different whereas values with similar letters are not significantly different from each other at p <0.05;
* = Decadal average

शुष्क क्षेत्रों में कृन्तक पारिस्थितिक मूल्यांकन

प्रजाति विविधताः कृन्तको की जनसंख्या का घनत्व फलोद्यानों में (39.24%) सर्वाधिक था तत्पश्चात वनीय चारागाहो के मैदानों (35.44%) व फसल सह घास के मैदानो (25.32%) का रहा। सर्वेक्षण के दौरान कृन्तको की पांच प्रजातियां, *टटेरा*

Ecological evaluation of rodent fauna in arid zone

Species diversity: The highest rodent population density was recorded in horticulture (39.24%)



चित्र 7.1 वर्ष 1980–83 व 2011–13 परागण कीटों की प्रचुरता के आँकड़ों का तुलनात्मक अध्ययन
Fig. 7.1 A comparison pollinator's abundance of 2011-2013 with the year 1980-1983

इण्डिका (63.29%), *फुनाम्बूलस पिनान्टी* (31.65%), *रैटस रैटस* (3.6%), *मस मस्कुलस* (1.27%) तथा *मिलार्डिया मेल्टाडा* (0.63%) पाई गई। इसके अतिरिक्त *गोलुंडा इलिओटी, मस बोडुगा* तथा *हिस्ट्रिक्स इण्डिका* की उपस्थिति के चिन्ह देखे गये। सभी कृन्तक प्रजातियो का औसत मासिक पकड़ सूचकांक 10.97 रहा।

जोधपुर में उपस्थित बेंडीकोटा बेंगालेंसिस कृन्तक का जैव पारिस्थितिक अध्ययनः जैव पारिस्थितिक अध्ययन हेतु जोधपुर शहरीय क्षेत्र में *बेंडीकोटा बेंगालेंसिस* का पकड़ सूचकांक 5.51 से 11.11 के मध्य रहा। कृन्तक का औसत वजन 176.60 से 279.08 ग्रा. के मध्य रहा तथा लिंग अनुपात मादाओं के पक्ष में था। परिपक्व नर व मादा संपूर्ण वर्ष उपलब्ध रहे। इसी प्रकार गर्भवती मादाए संपूर्ण वर्ष उपलब्ध रही जिनकी संख्या मानसून माह में अधिक थी।

नर्मदा नहरी क्षेत्र में कृन्तक सर्वेक्षणः नहरी क्षेत्र के खेतों में पाई जाने वाली कृन्तक प्रजातियां मुख्यतया *मेरियोनिस हरियेनी, टटेरा इण्डिका, मिलार्डिया मेल्टाडा, गोलुंडा इलिओटी* व *फुनाम्बूलस पिनान्टी* थी तथा घरों में *रैटस रैटस* व *मस मस्कुलस* थी। खेत, जिनमें सिंचाई द्वारा खेती नहर आगमन पश्चात शुरु हुई तथा बारानी व पडत क्षेत्रों में *मेरियोनिस हरियानी* सबसे प्रभावी प्रजाति थी तथा इन खेतों में इस जर्बिल के बिलों का घनत्व 03 बिल प्रति वर्ग मीटर था। इस क्षेत्र के सभी कृन्तको का पकड सूचकांक 2.58 कृन्तक प्रति सौ पिंजरे प्रतिदिन रहा।

नये कृन्तकनाशीयों का मूल्यांकनः दो नये कृन्तकनाशीयों, फ्लोक्यूमाफेन व डाईफेनाकॉम (0.005%) की मोम चढ़ी टिक्कीयो का प्रयोगशाला व धान मण्डी (भण्डारण) में मूल्यांकन किया गया। प्रयोगशाला में केवल विष चुग्गे की उपस्थिति में किए गये परीक्षण में दोनो कृन्तकनाशीयों के एक दिन के सेवन पश्चात *रैटस रैटस* व *बेंडीकोटा बेंगालेंसिस* प्रजाति के सभी कृन्तक 5 से 6 दिवस के मध्य मर गए जबकि *टटेरा इण्डिका* प्रजाति के कृन्तको में मृत्यु दर फ्लोक्यूमाफेन (0.005%) के दो दिन सेवन व डाईफेनाकॉम (0.005%) के तीन दिन सेवन पश्चात क्रमशः 100 व 50 प्रतिशत रही। एक अन्य परीक्षण, जहां परीक्षण कृन्तको को विष चुग्गे के साथ सादा चुग्गा दिया गया, वहाँ दोनो चुग्गो की खपत में कोइ सार्थक अन्तर नहीं था, जोकि यह दर्शाता है कि परीक्षण कृन्तको को विष चुग्गा काफी स्वादिष्ट लगा। धान मण्डी में किए गये परीक्षण में फ्लोक्यूमाफेन व डाईफेनाकॉम (0.005%) के पंद्रह दिवस के अन्तराल पर दो बार प्रयोग द्वारा क्रमशः 56.23 व 57.02 प्रतिशत तक कृन्तक नियंत्रण में सफलता प्राप्त हुई।

followed by silvi-pastoral (35.44%) and agri-pasture systems (25.32%). Indian gerbils, *Tatera indica* with 63.29 per cent share showed its predominance over other species, *viz.*, five stripped squirrels, *Funambulus pennanti* (31.65%), house rat, *Rattus rattus* (3.6%), house mouse, *Mus musculus* (1.27%) and soft furred field rat, *Millardia meltada* (0.63%). *R. rattus, M. musculus M. booduga* and *G. ellioti* were found for the first time in the area. The monthly trapping data revealed mean monthly trap index of 10.97 per 100 traps day^{-1}.

Bio-ecological investigation on introduced *Bandicota bengalensis* in Jodhpur: The trap index ranged between 5.56-11.11 rodents per 100 traps day^{-1} during the year with a maximum population during May. The mean body weight of animals ranged from 178.6-279.08 g. Mature male and female available round the year.

Rodent survey in Narmada canal command area: In Narmada Canal Command area near Sanchore seven species of rodents was trapped namely, Indian desert gerbil, *Meriones hurrinae,* Indian gerbil, *Tatera indica,* soft furred field rat, *Millardia meltada,* bush rat, *Golunda ellioti* and squirrels, *Funambulus pennant* in fields while, house mouse, *Mus musculus,* house rat, *Rattus rattus* in the storage structures. Trapping data revealed the predominance of *T. indica* (30%) followed by *M. hurrianae* (20%). The burrow density of *M. hurrianae* in these habitats was also very high (03 burrows m^{-2}) with an overall trap index was 2.58 rodents per 100 traps per day.

Evaluation of new anticoagulant rodenticides: Two new anticoagulant rodenticides flocumafen and difenacoum (0.005%) were evaluated, single exposure of both the rodenticides in no choice condition resulted in absolute mortality in *Rattus rattus* and *B. bengalensis*, whereas, in *Tatera indica* two days exposure to flocumafen and difenacoum (0.005%) yielded 100 and 50 per cent mortality respectively. In field trials under storage two treatments of flocumafen and difenacoum (0.005%) yielded a control success of 56.23 and 57.02 per cent, respectively. No significant difference was observed between the consumption of plain and poison bait by all the test species indicating that wax block baits of the rodenticides were fairly palatable to all the test rodent species.

प्रसंग 8: गैर-पारम्परिक उर्जा स्रोत, कृषि यान्त्रिकी और उर्जा
Theme 8: Non-conventional energy systems, farm machinery and power

सौर उपकरणों का विकास और ऊर्जा अध्ययन

प्रकाश वोल्टीय आच्छादित गृहः पीवी आच्छादित गृह को पुनः संशोधित किया गया। पीछे की तरफ ऊपर एग्रोनेट (75%) लगायी गयी और पश्चिम व आगे की ओर (चित्र 8.1अ) ज्यादा छाया की गई जिससे चरम गर्मी के दौरान अन्दर तापमान कम रहे। मिस्ट हवा के समान वितरण के लिए दिशा नियंत्रक लगाये गये (चित्र 8.1ब)। अलग–अलग ऋतुओं में प्राप्त आंकड़े बताते हैं कि गर्मी में पंखे के निकास पर हवा के तापमान में 6–10°सेंटीग्रेड की कमी हुई और सर्दी में 2–4°सेंटीग्रेड की वृद्धि, जो कि विकसित किये हुए गणितीय मॉडल के अनुमानित मान के लगभग बराबर हैं। हालाँकि गर्मी में आच्छादित गृह के तापमान में बाहर की तुलना में मात्र 4–5°सेंटीग्रेड की कमी हुई। तापमान को 35°सेंटीग्रेड से कम नियत करने के लिए पैराफिन मोम के अलग–अलग मिश्रण बनाये गये और उनके गर्म व ठण्डे होने की रूपरेखाओं का अध्ययन किया गया जिससे एक उचित गलनक्रांतिक ऊष्मा संग्राहक पदार्थ को पहचाना जा सकें। अवस्था परिवर्तन वाले पदार्थ की बाहरी परिस्थितियों में कार्य क्षमता को जाँचने के लिए एक छोटा प्रायोगिक आच्छादित गृह बनाया गया। पीवी आच्छादित गृह के कार्य प्रदर्शन का अध्ययन करने के लिए उसमें टमाटर के पौधे लगाये गये (चित्र 8.1ब)।

पीवी चालित बेर ग्रेडरः विकसित किये गये बेर ग्रेडर (चित्र 8.2) का परीक्षण किया गया और इसे 500 कि.ग्रा. बेरों को तीन आकार यथा >35 मि.मी. (18%), 25–35 मि.मी. (67%) तथा <25 मि.मी. (15%) में ऊपरी, बीच वाली व निचली जाली से 1

Development of solar devices and energy studies

PV clad enclosure: The experimental PV clad enclosure was further modified. Agro-net (75%) was provided at the top of the rear side, on west and front sides to provide more shade and reduce inside temperature during summers (Fig. 8.1A). Guides were provided for uniform distribution of mist air (Fig. 8.1B). The modifications were successful in reducing the enclosure temperature by 4-5°C compared to the ambient air temperature. Reduction in air temperature during summer season at the exit of the fan was in the range of 6-10°C and in winter rise in temperature was 2-4°C. These changes were close to predicted values developed through the mathematical model. Tomato plants were grown inside the PV clad structure to study the performance under load conditions (Fig. 8.1B). In order to regulate the temperature to less than 35°C, different blends of paraffin wax were prepared and heating and cooling profiles were studied to identify a suitable eutectic as a thermal storage material. A small experimental enclosure was developed for testing the functionality of phase change material under outdoor conditions (Fig. 8.1B).

PV operated ber grader: The developed hybrid ber grader (Fig. 8.2A) was tested and found suitable to grade 500 kg ber h^{-1} into three sizes i.e. >35 mm (18%), 25-35 mm (67%) and <25 mm (15%) from top, middle

चित्र 8.1 संशोधित पीवी आच्छादित गृह (अ), पीवी अच्छादित गृह के अन्दर लगाये गये टमाटर के पौधे (ब)
Fig. 8.1 Modified PV clad structure (A), tomato plants grown inside the structure (B)

घंटे की अवधि में अलग–अलग करने योग्य पाया गया। यंत्र को संशोधित पीवी मोबाइल यूनिट से भी सफलता पूर्वक चलाया गया (चित्र 8.2अ) हालांकि इसे प्रारम्भिक गति बाहर से प्रदान करनी पड़ती हैं। इस मशीन से एकल वी बेल्ट घिरी व्यवस्था तथा बॉल बियरिंग पर स्थित समायोज्य कैम से कम्पन गति वाली विशेष प्रकार की 0.48 वर्ग मीटर क्षेत्रफल की दोलन करने वाली जालियों से ग्रेडिंग (श्रेणीकरण) होती हैं और 200 वाट एसी चालित मोटर के एक बार गति पकड़ लेने के बाद पीवी सिस्टम से काम आसानी से हो जाता है।

पीवी और एकीकृत संयत्रों का विकास व परीक्षण: वैकल्पिक सामग्री जैसे छिद्र युक्त कोणीय लोहे व फाइबर ग्लास शीट को काम में लेकर आसानी से इधर–उधर ले जाने योग्य पीवी शुष्कक की एक इकाई की रचना व निर्माण किया गया। जिसमें फ्रेम बनाने में वेल्डिंग कार्य तथा भारी ढ़ाँचे को खेत में ले

and bottom screens. The device was successfully operated with modified PV mobile unit with an initial external torque. The especially designed oscillating screens (0.48 m^2) with vibration movement through single step V-belt arrangement and adjustable cam mounted on the ball bearing augmented the grading process and ease of operation with PV system.

PV and integrated devices: A module of portable solar PV dryer was designed and fabricated with alternative materials such as slotted iron angle and fibre glass sheet. An improved integrated three in one device with modified up-scaled design for better heat transfer was fabricated. PV winnower cum dryer with improved tunnel was used successfully for dehydrating onion and integrated three in one device was used for drying crushed water melon and tomato

चित्र 8.2 हाइब्रिड बेर ग्रेडर पीवी मोबाइल यूनिट के साथ (अ) ग्रेडेड बेर (ब)
Fig. 8.2 Hybrid ber grader, operation with PV mobile unit (A) graded ber (B)

जाने की परेशानियों का निराकरण किया गया। ऊष्मा के ज्यादा उपयोग में सक्षम एक उन्नत एकीकृत त्रिउद्देशीय यंत्र का निर्माण, संशोधित परिष्कृत डिजाइन के साथ किया गया। उन्नत टनल के साथ पीवी विनोवर मय शुष्कक का प्याज सुखाने, तरबूज का गूदा व टमाटर स्लाइस सुखाने के लिये सफलता पूर्वक प्रयोग किया गया।

धातु की चद्दर से बने सौर अलवणीकरण उपकरणों का कार्य प्रदर्शन: पहले बनाए गए एक जैसे चार धात्विक सौर अलवणीकरण उपकरणों (अवशोषक क्षेत्रफल 1.13 वर्ग मीटर) का परीक्षण जारी रहा (चित्र 8.3) जिनसे पानी में लवण की सान्द्रता 0.0, 2.5, 5.0 और 7.5 ग्रा. प्रति लीटर होने पर

slices. Studies on effect of dust on PV output of PV generator was continued and found to reduce the short circuit current by 20 per cent during summer months.

Performance of solar desalination device made of metallic sheet: The performance study of four similar metallic solar desalination devices (absorber area 1.13 m^2) developed earlier (Fig. 8.3) was continued with water having salt concentration 0.0, 2.5, 5.0 and 7.5 g L^{-1}. It was found to provide average distillate output of 1.03, 0.974, 0.97 and 0.97 L m^{-2} day^{-1}, respectively. Electrical conductivity of raw saline water having salt

चित्र 8.3 धात्विक सौर अलवणीकरण उपकरण
Fig. 8.3 Metallic solar desalination devices

औसत आसुत जल की प्राप्ति 1.030, 0.974, 0.973 और 0.966 लीटर प्रति वर्ग मीटर प्रतिदिन हुई। लवणीय जल जिसमें 2.5, 5.0, 7.5 ग्रा. प्रति लीटर लवण था, की विद्युत चालकता 15.09, 17.11, 17.38 मिली मोह्स से घटकर 1.84, 3.85, 4.82 मिली मोह्स हो गयी जबकि व्यवसायिक आरओ यंत्रों में यह क्रमशः 0.14, 0.44, 0.64 मिली मोह्स थी।

अलग–अलग निर्माण सामग्री से बने सौर अलवणीकरण उपकरणः खोखले ब्लॉक, वर्मिकुलाइट सीमेंट, कंक्रीट सीमेंट और पत्थरों से बने सौर अलवणीकरण उपकरणों (चित्र 8.4) का परीक्षण प्रतिदिन प्राप्त होने वाले आसुत जल को नाप कर किया गया, जिनका औसत क्रमशः 1.34, 1.41, 1.33, 1.33, 1.35 लीटर प्रति वर्ग मीटर प्रति दिन था जिससे यह संकेत मिलता है कि वर्मिकुलाइट सीमेंट से बनी सौर आसवन यंत्र ज्यादा उपयुक्त है।

सौर जल शुद्धक का प्रदर्शनः सौर जल शुद्धक (चित्र 8.5) का परीक्षण स्थिर तापमान नापकर तथा नाड़ी के पानी को काँच की 20 बोतलों में गर्म करके किया गया। औसत अधिकतम स्थिर तापमान कक्ष के अन्दर 128°सेंटीग्रेड पाया गया जबकि वातावरण का तापमान 36.9°सेंटीग्रेड था। सुबह 10.00 बजे रखे गये पानी

2.5, 5.0 and 7.5 g L^{-1} was 15.09, 17.11, 17.38 mmhos that was reduced to 1.84, 3.85, 4.82 mmhos in commercial RO plant while it was 0.14, 0.44, 0.64 mmhos in solar desalination devices respectively.

Solar desalination devices made of different construction materials: Performance evaluation of solar desalination devices made of hollow block, vermiculite-cement, cement-concrete, brick and stone masonry (Fig. 8.4) were carried out by measuring distilled water obtained per day. Average output of 1.34, 1.41, 1.33, 1.33, 1.35 L m^{-2} day^{-1} respectively from these different solar stills indicated better performance of the device constructed with vermiculite cement.

Performance of solar water purifier: The performance of the solar water purifier (Fig. 8.5) was carried out by measuring stagnation temperature and heating water obtained from local ponds (*nadi*). The average maximum stagnation temperature inside chamber of solar water purifier was 128°C when ambient temperature was 36.9°C. All harmful bacteria in the pond water were destroyed by 1 PM when it

चित्र 8.4 विभिन्न पदार्थो से बने सौर अलवणीकरण सयंत्र
Fig. 8.4 Solar desalination devices made of different materials

चित्र 8.5 सौर जल शुद्धक
Fig. 8.5 Solar water purifier

के सभी हानिकारक जीवाणु दोपहर 1.00 बजे तक नष्ट हो गए। सौर जल शुद्धक प्रतिदिन 30 लीटर पानी शुद्ध करने में सक्षम हैं जो कि एक परिवार के लिए पर्याप्त हैं।

अवस्था परिवर्तन पदार्थ आधारित सौर ऊष्मा संग्रहण करने वाले अधोतल युक्त फसल शुष्ककः एक अधोतल अवशोषक युक्त सौर फसल शुष्कक (चित्र 8.6) की रचना एवं विकास किया गया, जिसमें नीचे की ओर समतल समानान्तर अवशोषक तल–प्रथम अवस्थित हैं जो बहुफलक आकार के परावर्तक–प्रथम से आने वाले परावर्तित सौर प्रकाश को ग्रहण करता हैं। इस शुष्कक सयंत्र के नीचे की ओर अवस्था परिवर्तन पदार्थ (पीसीएम–1) को बेलनाकार नलियों में रखा गया जिनके ऊपर सुखाने के पात्र को 3 पंक्तियों एवं 2 स्तम्भों में व्यवस्थित किया गया। दूसरे झुके हुए अवशोषक तल–द्वितीय को पात्र के ऊपर अवस्था परिवर्तन पदार्थ युक्त नलियों (पीसीएम–2) के ऊपर कुछ दूरी पर रखा गया। एक अतिरिक्त परावर्तक–II को सयंत्र के अग्रिम भाग में सुयोजित किया गया (चित्र 8.6)। इस

was kept inside the device at 10 AM. The solar water purifier is capable of purifying 30 liters of pond water per day, sufficient for a family.

Reversed absorber packed bed phase change thermal energy storage solar crop dryer: This crop dryer (Fig. 8.6) comprised of a horizontal downward facing flat absorber plate-I with a fraction of polygonal shape reflector-I in order to introduce solar radiation from underneath glazed collector. In the drying setup the lower chamber has a packed bed of phase change material (PCM-I) placed in cylindrical tubes, above which the drying trays were arranged in three rows and two columns. Another inclined absorber plate-II was fixed at certain gap above the storage material (PCM-II) over the drying trays and an additional reflector-II was placed in front side of the plenum. High air temperature is utilized in heating and melting of PCM and remaining is passed over to the

चित्र 8.6 सौर ऊष्मा भंडारण व उलट–अवशोषक वाले सौर शुष्कक का प्राकृतिक संवहनी के साथ योजनाबद्ध आरेख
Fig. 8.6 Schematic view of reversed absorber with thermal storage natural convective solar crop dryer

व्यवस्था में गर्म हवा के ताप को अवस्था परिवर्तन पदार्थ को गर्म करने व पिघलाने तथा बची हुए गर्म हवा को सुखाने की ट्रे पर से गुजार कर दिन में फसल को सुखाने के लिए प्रयोग किया जाता हैं एवं ऊष्मीय भण्डारण (पीसीएम–2) से सूर्यास्त पश्चात् 5 से 6 घण्टे तक सूखने की प्रक्रिया जारी रहती है जिससे सूक्ष्म जीवाणु एवं दूसरे भौतिक रसायनों के कारण से होने वाले नुकसान से भी बचा जा सकता है।

अवस्था परिवर्तन पदार्थ आधारित ऊष्मीय भण्डारण युक्त समतल अवशोषक सौर फसल शुष्ककः इस शुष्कक (चित्र 8.7) में समतल संग्राहक अवशोषक–I के ऊपर पारदर्शक काँच तथा तल में ऊष्मारोधी पदार्थ हैं। अवशोषक और पारदर्शक काँच के बीच में हवा का प्रवेश मार्ग है तथा अधोतल अवशोषक युक्त सौर शुष्कक के जैसा ही ऊष्मा संग्रह पदार्थ युक्त सुखाने

drying trays, which facilitates drying process during sunshine hours and the storage material (PCM-II) during off sunshine hours to continue drying at least for additional 5 to 6 hours which help to prevent microbial and other physico-chemical losses.

Flat plate absorber packed bed phase change thermal energy storage solar crop dryer: This dryer was developed with a flat plate collector (Fig. 8.7) having a glazing-I above the absorber-I and insulation material at the base with air inlet in between glazing and absorber plate and a similar drying chamber with thermal storage material as used in reversed absorber type solar dryer. Performance of the dryers is being studied under no load conditions and with herbs and spices as load materials.

चित्र 8.7 सौर ऊष्मा भंडारण के साथ समतल अवशोषक वाले शुष्कक का प्राकृतिक संवहनी के साथ योजनाबद्ध आरेख
Fig. 8.7 Flat plate absorber with PCM-TES solar crop dryer with schematic view

का कक्ष है। चित्र 8.7 इस सयंत्र के आगे तथा पीछे के दृश्य बताता है। शुष्कक के कार्य प्रदर्शन का अध्ययन खाली तथा जड़ी बूटियाँ और मसाले सुखाकर किया जा रहा है।

सोलर पीवी पम्प आधारित सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली में ऊर्जा और पानी का अनुकूलनः पीवी संचालित सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली का विकास करने के लिए हस्तचालित दो सौर फोटोवोल्टाइक पम्पों (1400 वाट पावर पीवी समूह के साथ 1 अश्व शक्ति एसी पम्प तथा 900 वाट पावर पीवी समूह के साथ 1 अश्व शक्ति डीसी पम्प) को स्थापित किया गया (चित्र 8.8)। दोनों पीवी पम्पों से प्राप्त पानी की दर को नियमित रूप से मापा गया और दोनों ही पम्पों का 5 मीटर कुल शीर्ष पर अधिकतम लगभग 4 लीटर प्रति सेकंड़ पायी गयी। तुलनात्मक प्रदर्शन जानने के लिये पीवी एवं पम्प के उत्पादनों को प्रतिदिन दर्ज किया गया। डीसी पम्प के स्थल पर एक प्रयोगात्मक क्षेत्र भी तैयार किया गया तथा कम दबाव वाले सूक्ष्म फव्वारे से सिंचाई प्रदर्शन की जाँच के लिये चुकन्दर बोये गये।

Optimization of energy and water use in solar PV pump based micro-irrigation system: Two solar photovoltaic (PV) pumps (1400 Wp PV array with 1 hp AC pump and 900 Wp PV array with 1 hp DC pump) having manual tracking facility for orienting the PV arrays towards the sun were installed (Fig. 8.8). Discharge of PV pumps was measured regularly and maximum discharge of both the pumps at 5 m total head was found to be about 4 L s^{-1}. Diurnal variation of the PV output and that of pumps were recorded to have a comparative performance. Experimental field at the site of DC pump were prepared and sugar beet crop was sown to test the irrigation performance through low pressure micro-sprinkler system.

Wind energy and erosion study

Surface wind resource assessment: Fine resolution wind speed data for three locations in western Rajasthan were analyzed through fitting the

चित्र 8.8 सौर फोटोवोल्टाइक पम्प (अ) 1400 वाट एसी पम्प के साथ (ब) 900 वाट डीसी पम्प के साथ
Fig. 8.8 Solar photovoltaic pumps with 1400 Wp AC pump (A) and with 900 Wp DC pump (B)

वायु उर्जा एवं वायु क्षरण का अध्ययन

सतही वायु का ऊर्जा संसाधन हेतु मूल्यांकनः पश्चिमी राजस्थान के तीन स्थानों के सूक्ष्म विभेदन के वायु गति आंकड़ों को 'वीबुल वितरण' में प्रयुक्त करते हुए तथ्यों का विश्लेषण किया गया (चित्र 8.9)। इसके साथ ही ज़मीन के स्तर से 1.5 से 2 मीटर ऊपर के सतह पवन संसाधन क्षमता का आंकलन करने के उद्देश्य से हवा की औसत गति, सबसे संभावित वायु गति, वायु बल ऊर्जा घनत्व आदि वायु संसाधन के विशेष माप दण्डों की गणना की गयी। इन तीन स्थानों में जैसलमेर व चाँदन को सतही हवाओं से ऊर्जा प्राप्त करने योग्य पाया गया जहाँ पवन ऊर्जा घनत्व 70–90 वाट प्रति वर्ग मीटर है।

जैसलमेर में हवा कटाव अध्ययनः जैसलमेर जिले के खुइयाला गाँव में हवा कटाव अध्ययन के लिए एक क्षेत्र परीक्षण

measured data in 'Weibull distribution' (Fig. 8.9) followed by calculating wind resource characteristic parameters e.g. mean wind speed, most probable wind speed, wind power density, wind energy density etc., with an aim to assess surface wind resource potential at 1.5-2.0 m above ground level (agl). Among three locations, Jaisalmer and Chandan were found suitable for harnessing energy from surface winds with wind power density of 70-90 W m^{-2}.

Wind erosion experiments at Jaisalmer: Field experiment station for wind erosion study was established at Khuiyala village in Jaisalmer district (Fig. 8.10). An automatic weather station with a capability to record 5-min. resolution data on wind speed, wind direction and other standard



चित्र 8.9 हवा की गति का उईबुल मापदण्ड की गणना का लेखाचित्र (अ) एवं अनुमानित हवा की गति आवृति (ब)
Fig. 8.9 Measured wind speed data in Weibull distribution (A) and wind speed frequency (B)



चित्र 8.10 हवा कटाव अध्ययन के लिये स्वचालित मौसम स्टेशन (अ) हवा कटाव पारखी स्टेशन (ब)
Fig. 8.10 Automatic weather station (A) and wind erosion sampler (B) for wind erosion study

स्थल स्थापित किया गया (चित्र 8.10)। इस प्रयोगात्मक क्षेत्र में 5 मिनट विभेदन पर हवा की गति, हवा की दिशा एवं अन्य मानक मौसम संबंधी आँकड़ों को दर्ज करने की क्षमता वाले एक स्वचालित मौसम केन्द्र के साथ दो हवा कटाव साँचों के सेट जिसमें से प्रत्येक में जमीनी स्तर से 0.25, 0.75, 1.25 एवं 2.00 मीटर ऊपर चार साँचे स्थापित किये गए। अगस्त 2013 से हवा से एकत्रित मिट्टी के ढ़ेर को साप्ताहिक अन्तराल से एवं मौसम के आँकड़ो को नियमित अन्तराल पर संग्रहित किया गया।

कृषि एवं प्रसंस्करण यन्त्र

जीरा सफाई की मशीन की दक्षता में सुधारः विकसित की गयी जीरा सफाई की मशीन में हल्की अवांछित सामग्री अपर्याप्त हवा के कारण ठीक से अलग नही हो रही थी। मशीन की दक्षता में सुधार के लिए 5'' और 12'' व्यास की अंग्रेजी के वी आकार की चरखी को लगाया गया जिसके परिणामस्वरूप धोकनी की गति में वृद्धि हुई। कार्य के दौरान शोर से बचने के लिये तथा जालियों के रैखिक विस्थापन को बढ़ाने के लिए दोलन ईकाई को भी बदला गया जिसके फलस्वरूप उत्पाद से बेहतर श्रेणीकरण सम्भव हुआ।

ट्रैक्टर चलित खाद डालने की मशीनः जमीन में 100–150 मि.मी. नीचे खाद डालने के लिए ट्रैक्टर चलित मशीन (चित्र 8.11) को विकसित किया गया। मशीन में ट्रैक्टर चलित 600 मि.मी. लम्बा सब सोइलर है जिसमें 200 मि.मी. व्यास के फाल चक्र, एमएस शीट से बना सम्बलम्ब चतूर्भुज आकार का कीप (570x570 मि.मी. ऊपर तथा 140x140 मि.मी. नीचे), कठोर रबर की चकती जैसा एजीटेटर लगा 140x140x100 मि.मी. आकार

meteorological parameters along with two sets of wind erosion samplers with each set consisting of four samplers at 0.25, 0.75, 1.25 and 2 m height from ground level were installed in the experimental field. Wind eroded soil masses were collected at weekly interval and weather data was retrieved at regular interval since August 2013.

Farm and processing machines

Improving efficiency of cumin cleaner: In the developed cumin cleaner cum grader, it was observed that light foreign materials were not getting separated properly due to insufficient air thrust. To improve efficiency of the machine, V-Pulley set of 5 and 12″ diameter was fitted that resulted in speed enhancement of blower. The oscillation unit was also changed to avoid noise during the operation and to increase the linear displacement of the screens resulting in better grading of the product.

FYM applicator: Tractor drawn manure applicator was developed to place FYM at 100-150 mm below the ground. The FYM applicator consists of a tractor drawn 600 mm long sub soiler having 200 mm dia. coulter wheel, M.S. sheet trapezoidal hopper (570x570 mm at top and 140x140 mm at bottom), FYM distribution box (140x140x100 mm) fitted with hard rubber disc type agitator and chain-sprocket type power transmission system. A rod with two rubber discs was fitted in the FYM distribution

की खाद वितरण पेटिका तथा चेन स्प्रोकेट प्रकार का विस्तारण सिस्टम लगा है। वितरण पेटी में दो रबर चकती युक्त एक रॉड तथा 60 मि.मी. व्यास के चेन युक्त स्प्रोकेट और 400 मि.मी. व्यास के पहिये लगाये गये। यह मशीन के काम करते समय आगे ले जाने के लिए शक्ति देती है तथा खाद के सम्मान रूप से वितरण में भी सहायक होती है। इस यंत्र की क्षमता 4.5–5 टन प्रति हैक्टेयर खाद को जमीन की सतह से 100–150 मि.मी. नीचे डालने की हैं।

कृषि यंत्रों का विविध कार्य में ऊर्जा की आवश्यकता का आकलनः अलग–अलग संसर्ग में कृषि कर्म किये गये तथा प्रत्येक कार्य के समय तथा ईधन खपत के आधार पर उस कार्य की ऊर्जा आवश्यकता का पता लगाया गया। अधिकतम ऊर्जा आवश्यकता (575.5 मेगा जूल प्रति हैक्टेयर) अद्योभूमि यंत्र एवं तखते युक्त चकती कीप में जबकि तखते युक्त चकती कीप में यह 169.2 मेगा जूल प्रति हैक्टेयर थी और चकती हल व तरणते युक्त चकती कीप में यह 414.2 मेगा जूल प्रति हैक्टेयर थी।

मतीरा बीज निष्कर्षकः अनाज की भूसी निकालने वाले कम क्षमता के रोटेरी थ्रेसर का प्रयोग मतीरा बीज निकालने में किया गया। इसके लिए मतीरे के टुकड़े हॉपर में डाले गए और फिर उन्हें ड्रम के नुकीले स्पाइक्स से रगड़ा और घिसा गया। प्रारम्भिक परिणामों से यह संकेत मिलता हैं कि मशीन मतीरे के बीज निकालने के लिये उपयोगी हैं परन्तु और उचित संशोधनों के बाद ही सही तरीके से मतीरे से बीज निकाल सकेगी।

box and 60 mm diameter sprocket along with chain attached to the 400 mm diameter ground wheel to transmit power during its operation and also to help uniform flow of manure through the plastic pipe fitted at the back of chisel. The implement has a capacity to place 4.5-5.0 t FYM ha^{-1} at 100-150 mm below the ground surface (Fig. 8.11).

Energy requirement in tillage operations: Different combinations of tillage operations were performed and energy requirement (MJ ha^{-1}) for each operation was evaluated on the basis of operation time and fuel consumption. The total energy requirement was highest (575.5 MJ ha^{-1}) in case of sub soiler and disc harrow with planking followed by disc plough and disc harrow with planking (414.2 MJ ha^{-1}) and for disc harrow with planking (169.2 MJ ha^{-1}).

Watermelon seed extractor: A machine for rotary threshing of very small capacities of grains was operated to explore if watermelon seeds could be extracted. For this, pieces of watermelon were fed into hopper and then got subjected to rubbing and shearing by spikes in drum. Initial results indicated that the machine could separate but needed further suitable modifications for proper extraction of seeds from watermelon.

चित्र 8.11 ट्रैक्टर चलित खाद डालने की मशीन
Fig. 8.11 Tractor drawn FYM applicator

प्रसंग 9: सामाजिक-आर्थिक अन्वेषण एवं मूल्यांकन
Theme 9: Socio-economic investigation and evaluation

महात्मा गाँधी नरेगा का जीविका सुरक्षा पर प्रभाव

गाँव मोखेरी और कुशलावा तहसील फलोदी जिला जोधपुर में मनरेगा के अर्न्तगत कार्यरत 60 लोगों के साक्षात्कार से एकत्रित आँकड़े दर्शाते हैं कि 68 प्रतिशत परिवार एकल थे। 48 प्रतिशत परिवारों के कच्चे, 35 प्रतिशत और 17 प्रतिशत परिवारों के पक्के और अर्द्ध–पक्के मकान निम्न आर्थिक स्तर को परिलक्षित करते हैं। कुल श्रमिक संख्या में 84 प्रतिशत महिलाएं थी। औसतन रोजगार 82.6 दिवस प्रति परिवार था तथा उन्होंने वर्ष में 7369 रूपये मनरेगा से अर्जित किये (सारणी 9.1)। मानव प्रवर्जन में मनरेगा कार्यक्रम से 45 प्रतिशत की कमी आई। कुछ सामुदायिक कार्य जैसे नाडी खुदाई, सड़क निर्माण इत्यादि बहुत उपयोगी रहे, इससे वर्षा जल संग्रहण बढ़ा तथा सुलभ परिवहन से फसल उत्पाद को नजदीकी बाजार में ले जाना आसान हो गया। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन–जाति के परिवारों के यहाँ टांका निर्माण बहुत लाभदायी रहे।

Impact of MGNREGA on livelihood security

A primary survey (n=60) of two randomly selected villages *Kushlava* and *Mokhari* in Phalodi *tehsil* of Jodhpur district indicated that about 68 per cent households were under nuclear family category, 48, 35 and 17 per cent the respondents had *kutcha*, *pucca* and semi-*pucca* houses respectively, indicating poor economic status of the selected families. Women dominated in employment under MGNREGA, with 84 per cent share in total employment. Average employment per family per annum was 82.6 days resulting in an enabling of ₹ 7369/- (Table 9.1). The MGNREGA program resulted in 45 per cent reduction in human migration out of village. Some community activities like deepening of *nadi*/ponds for enhancing water storage capacity and construction of gravel roads for easy access to the villages has helped rural society. Work undertaken at fields of SC/ST families like construction of water tanks was found highly beneficial.

सारणी 9.1 महात्मा गाँधी नरेगा के अन्तर्गत रोजगार स्थिति
Table 9.1 Employment statuses under MGNREGA

Category	Number of families	Male				Female			
		No.	Days	Amount	₹/ day	No.	Days	Amount	₹/ day
Landless	12	3	141	12996	92.17	11	1038	101091	97.39
Marginal	13	2	129	11680	90.54	12	984	88110	89.54
Small	17	2	137	12470	91.02	17	1239	112960	91.17
Medium	14	3	159	12531	78.81	15	942	74635	79.23
Large	4	1	41	3500	85.37	3	146	12168	83.34
Total	60	11	607	53177	87.61	58	4349	388964	89.44

लुणी तहसील में 5 गाँव से सर्वेक्षण के आंकडे दर्शाते है की कम दूरी वाले मानव प्रवर्जन में कमी आयी है साथ ही महिलाओं को इसके कारण घर के नजदीक काम मिला। ग्राम पंचायत स्तर पर 100 दिन के निश्चित रोजगार के लिये नये प्रस्तावों की आवश्यकता है।

In survey of five randomly selected villages of Luni *tehsil* it was observed that the program had checked short distance migration and provided work for women at their doorstep. However, for 100 days assured employment, new initiatives from Gram Panchayat needed.

शुष्क गुजरात में ऊँट उत्पादन की आर्थिकी

यह अध्ययन शुष्क गुजरात (कच्छ) के ऊँट पालकों के ऊँटों के प्रबंधन एवं आय पर आधारित है। ऊँट झुंड का औसत आकार (40) तथा भूमि जोत 1.53 हैक्टेयर थी। शुष्क गुजरात में प्रति ऊँट झुंड का रख–रखाव का खर्चा प्रति वर्ष 1,19,532 रूपये था जिसमें तय लागत इसके 50 प्रतिशत से अधिक थी। इस क्षेत्र में प्रति झुंड प्रति वर्ष औसत शुद्ध आय 62,687 रूपये आई

Economics of camel production in arid Gujarat

The study of camel herds of arid Gujarat (n=75) showed that the average camel herd size was 40 with

(सारणी–9.2)। 12 प्रतिशत की दर से ऊँट की वित्तीय व्यवहार्यता विश्लेषण दर्शाती है कि 6 वर्ष में लागत वसूली, एनपीवी 20.21 लाख, बीसीआर 2.80 तथा आईआरआर 41.31 प्रतिशत थी।

ऊँटों की बिक्री का महत्वपूर्ण माध्यम व्यापारी (>80%) थे तथा ऊँट पालकों द्वारा बेचे गये ऊँटों की उम्र 1 से 2 वर्ष के बीच थी। गुजरात में ऊँट के दूध संग्रहण की डेयरियाँ बहुत कम है। वन क्षेत्र में चराई पर प्रतिबंध ऊँट पालकों की बहुत बड़ी समस्या थी। ऊँट पालकों की बेहतर आय प्राप्त करने के लिए मोबाइल दूध संग्रह वैन तथा मोबाईल पशु चिकित्सा सेवाओं को सुनिश्चित किया जाना परम आवश्यक है।

land holding size of 1.53 ha, average cost of maintaining a camel herd was ₹1,19,532 in which the proportion of fixed cost was more than 50 per cent. Average net return was ₹ 62,687 per herd per year (Table 9.2). The financial viability analysis of camel production based on 12 per cent discount rate indicated a payback period of 6 years, NPV 20.21 lakhs, BCR 2.80 and IRR 41.31 per cent.

The sale of animals through traders (>80%) was the important marketing channel and majority of camel breeders sold their male calves between 1 to 2 years of age. As there were few dairies based on camel milk in Gujarat, milch female camel were purchased by these dairies. Grazing restrictions on forest lands was the most important constraint faced by breeders. For better returns to camel breeders, some mechanism like operation of mobile milk collection vans and mobile veterinary services in major camel breeders' pockets may be ensured.

सारणी 9.2 आय एवं लागत (रूपये/झुंड/वर्ष)
Table 9.2 Cost and returns per camel herd per year

Particulars		Amount (₹)	Per cent
1. Variable cost			
A.	Grazing charges to forest dept.	2,139.0	1.79
B.	Material cost	5,967.8	4.99
	Fodder (Neem)	0.0	0.00
	Concentrate and oil	5,967.8	4.99
C.	Veterinary expenditure	5,433.1	4.55
D.	Labour cost	30,641.8	25.63
	Labour for grazing and general management	30,000.0	25.10
	Wool shearing	641.8	0.54
E.	Total variable cost (A+B+C+D)	44,181.7	36.96
2. Fixed cost			
F.	Interest	51,639.3	43.20
G.	Depreciation	23,710.6	19.84
	Total fixed cost (F+G)	75,349.9	63.04
3. Total cost (1 + 2)		1,19,531.6	100.00
4. Gross returns (₹)		1,82,219.0	
5. Net returns (₹)		62,687.4	

लूनी नदी के अन्तर्वर्ती मैदानी क्षेत्र में दाबानुकुलित सिंचाई का अभिग्रहण एवं प्रभाव

राजस्थान के लूनी नदी के अन्तर्वर्ती मैदानी क्षेत्र (पाली जिले) में दाबानुकुलित सिंचाई पद्धति का अभिग्रहण करने वाले कृषकों की औसत आयु 46.4 वर्ष और औसत पढ़ाई 7.3 वर्ष पाई गई। 80 प्रतिशत कृषकों के परिवार 'एकल' और औसत सदस्य संख्या 5.7 पाई गई। 70 प्रतिशत कृषक मध्यम श्रेणी के पाये गए। उनकी भूमि जोत का औसत आकार 5.8 हैक्टेयर था।

दाबानुकुलित सिंचाई पद्धति को स्वामित्व वाली कुल कृषि भूमि के 10 से 100 हिस्से पर अपनाया गया, हालांकि 90 प्रतिशत कृषकों ने इसे 50 प्रतिशत से अधिक हिस्से में अपनाया। ड्रिप सिंचाई पद्धति अपनाने वाले कृषक इसका उपयोग कपास, गेहूँ, जीरा, रायडा, सौंफ आदि फसलें उत्पादित करने के लिए कर रहे है जिनका औसत क्षेत्रफल क्रमशः 2.52, 1.35, 0.96 और 0.49 हैक्टेयर पाया गया। पद्धति को अपनाने वाले ज्यादातर कृषकों (96.7%) ने इसका उपयोग विभिन्न कृषि आदानों की बचत (100%), नीरसता में कमी (100%), उत्पादन की बेहतर गुणवत्ता (90%) और उत्पादन में वृद्धि (77%) आदि, फायदों के कारण जारी रखा। पद्धति अपनाने वाले कृषकों की मुख्य समस्या पद्धति को गिलहरी द्वारा नुकसान पहुँचाने (40%) की पाई गयी।

